उस वक्त के सत्ताधारियों ने कृÂिा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया। बाबासाहेब के विचारों को, संविधान के प्रावधान का अनादर करते हुए किसानों को आत्महत्या करवाने का पाप उस वक्त के सत्ताधारी लोगों नें किया। यह उन्हें आज स्वीकार करना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से देश की जनता को भ्रमित करने का काम आज भी विपक्ष में बैठकर ज़ारी है।

भारत सरकार ने पाश्चात्यों की नकल कर खेती के लिए पानी पहुंचाने हेतु दानवाकार बांध बनाने का कार्यक्रम हाथ में लिया। यह सब पूंजी प्रधान योजना थी। कृÂिा उत्पादन पर खर्च परियोजना पर किए खर्च की तुलना में कम हुआ। आज़ादी के 65 सालों के बाद भी कृÂिा क्षेत्र के लिए पानी का नियोजन पूर्णतः नहीं कर पाए।

छोटी-छोटी योजनाएं ही हमारे लिए उपयोगी हैं। खेती के विकास का आज तक कभी नियोजन अपेक्षित नहीं हुआ। सामूहिक खेती और भूमि का समान वितरण के पक्षधर बाबासाहेब थे। सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए एक किसान के पास अधिक कितनी भूमि रहे, इसे निश्चित करने की नितांत आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया।

समाज के विभिन्न अंगों को जीविका का साधन उपलब्ध कराकर अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने का प्रयास था। कृÂिा उपज के मूल्य (भाव) की निर्धारण प्रणाली की आवश्यकता जताई गई थी। लेकिन बाबासाहेब के विचारों के नाम पर आज़ादी के बाद सत्ता में रहे कुछ सहयोगी और कुछ अनुयायियों ने जो काम किए, उसके परिणाम आज हम देख रहे हैं।

1. 58 प्रतिशत किसान रोज भूखे सो रहे हैं।

2. 42 प्रतिशत किसान खेती व्यवसाय छोड़ने की इच्छा में है (मन बना रहे हैं)

3. 2011 की जनगणना के अनुसार अंदाजन 50 लाख किसान हर साल गांव छोड़कर शहरों की तरफ जा रहे हैं।

4. पिछले 17 सालों में करीब 3 (तीन) लाख किसानों ने आत्महत्याएं की है।

यह सब तथ्य राÂट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के दिए आंकड़ों के आधार पर है।

जिस देश की लगभग 70 करोड़ आबादी (54 से 58 प्रतिशत कुल आबादी) जिस पर उपजीविका कर रही है, उन परिवारों को सामाजिक और आर्थिक न्याय क्या हम दे पाए हैं? बड़ी पीड़ा और शर्म के साथ कहना पड़ रहा है कि बाबासाहेब के सपनों की उद्देश्यपूर्ति, जो संविधान के माध्यम से करनी थी, वह हम 58 प्रतिशत लोगों के साथ सत्ता के माध्यम से नहीं कर पाए हैं। कृÂिा उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जितना बढ़ा है, उससे कई गुना ज्यादा किसानों के बीज, खाद और अन्य चीजों का बढ़ा है।

मैं आज सभी दलों से निवेदन करता हूं कि हरित क्रांति होकर 45 सालों के बाद के किसानों के इस चरित्र पर आत्मचिंतन करे। राजकीय स्वार्थ के लिए संसदीय कार्य में अवरोध करके किसानों का अहित न करें।

हम सब जानते हैं कि बाबासाहेब ने संविधान में अनुच्छेद 370 में जम्मू-कश्मीर राज्य को देश के अन्य राज्यों से अलग एक विशेÂाा दर्जे का प्रावधान किया है। इसको पुरस्कृत करते समय डॉ. बाबासाहेब ने चेतावनी दी थी कि यह धारा देश के लिए घातक सिद्ध होगी। उन्होंने शेख अब्दुल्ला से कहा था- ""तुम चाहते हो कि भारत पर कश्मीर की रक्षा इत्यादि की जिम्मेदारी तो रहे, पर भारतीय संसद का उस पर कोई अधिकार न हो। मैं भारत का विधि मंत्री हूं, मुझे भारत के हितों की रक्षा करनी है। अतः मैं इस भारत विरोधी पुरस्ताव को स्वीकार नहीं कर सकता।"" यह धारा अस्थायी है, ऐसा आश्वासन संविधान सभा में देने पर ही प्रस्ताव पास हो सका। अनुच्छेद 370 के दुÂपरिणामों का विचार होकर उस पर कुछ निर्णय होना जरूरी है।

बाबासाहेब ने समाज की आर्थिक, शैक्षिक उन्नति हेतु सरकार को घटनात्मक जिम्मेदारी दी। हमारी पुरानी सरकारों ने ऐसा काम किया कि मानव विकास निर्देशांक में 2010 को भारत 169 देशों में 119वें नंबर पर है और 2013 में 187 देशों में 135वें पर है।

1980 से 2013 तक मानव विकास निर्देशांक 0.369 से 0.589 तक पहुंचा है। इस धीमी गति से मानव विकास हुआ और भ्रÂाटाचार जैसे मामलों में हमारी गति कई गुना तेज है। यह हमारी सरकारों के कामों की गति किस दिशा में हुई उसका चिंतन आज जरूरी है।

बाबासाहेब के राजकीय जीवन की शुरूआत 1926 से ही हुई। जिस स्वाभिमान और एकता के बल पर उन्होंने स्थापित फेडरेशन चुनाव जीता जाएगा ऐसा आशावाद व्यक्त किया कि वह 1952 के चुनाव में असफल रहा।

मैं जिस भंडारा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ उस क्षेत्र से डॉ. बाबासाहेब ने चुनाव लड़ा था, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार ने उन्हें हरा दिया। चुनाव हारने के बाद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। लेकिन उसके बाद उन्होनें जो प्रतिक्रिया दी, वह इस प्रकार की थी- ""चुनाव में हार-जीत काबिलियत पर नहीं होती बल्कि विशिÂट परिस्थिति पर निर्भर होती है। मुझे इस हार का ज्यादा बुरा नहीं लगा। बुरा इस बात का लग रहा है कि कांग्रेस के लोग जो काबिल नहीं है, उनको भी चुनकर वोट देते हैं और काबिल लोगों को गिराते हैं।""

उन्होंने संविधान के शिल्पकार होकर भी एक भय व्यक्त किया था कि- ""नवम्बर, 1949 में जो संविधान लोगों ने आत्मार्पित किया, यदि वह संतोÂाजनक रूप में कार्य नहीं करता तो भविÂय में हमें यहीं कहना पड़ेगा कि संविधान असफल नहीं हुआ, वरन् मनुÂय ही दुÂट है।""

भारत की कई क्षेत्रों में स्थिति देखकर उनके द्वारा व्यक्त किया हुआ भय योग्य था। इसका प्रमाण मिलता है।

□**SHRI S.P. MUDDAHANUME GOWDA (TUMKUR):** It is befitting and proper to hold this discussion on the occasion of the 125th Birth Centenary Celebration of Dr. B.R. Ambedkar who had made a great contribution along with the Founding fathers in giving us a Constitution. When we go through the debates in the Constituent Assembly, Dr. B.R. Ambedkar's singular contribution to make our democracy a participatory one and a positive one is evident. We, call Dr. B.R. Ambedkar as the Father of the Constitution because he had made the best use of his education that he had in the land of our colonial rulers. As a student of political science, he had cultivated the scientific spirit to analyse the root cause of the social maladies affecting India. Hence, he laid stress on two very important things of empowering the depressed class through education and working for the emancipation of women.

Dr. Ambedkar was totally in favour of the parliamentary form of Government. He firmly believed that only Parliamentary system of Government can usher in an egalitarian society. He was also a strong advocate of the federal structure. He spent his whole life for the betterment of the poor, exploited, troubled classes. India is a country of tolerance. The whole world has a respect for us for this reason but a few incidents are sending negative messages. So, we should give a firm commitment that incidents of intolerance will not be tolerated. It will be the best respect shown to Dr. B.R. Ambedkar. I am concerned about intolerance because it gives birth to terrorism. India has shown the world that how a freedom struggle can be fought violence to achieve independence.

As has been correctly explained by our Leader, Madam Shrimati Sonia Gandhi, the ideals we have cherished for decades are under threat and there is a deliberate attack on constitutional values principles. I would also like to repeat her words that "Dr. Ambedkar had observed that howsoever good a Constitution may be, if those implementing it were bad people, the ultimate impact would only be bad".

We are talking about Dr. Ambedkar and we talking about all the great names but we also forget that they always believed in federalism. Once any political party comes to power in Centre, the first thing it does to thwart the very thought of federalism. We are a pluralist society. In a secular society, if we want this country to pass on healthy traditions to our children in unified manner, then it is time that we shed our ego. Let us not tolerate intolerance at all. It is time that we also try to make our children more innovative and more inquisitive. Only then we can have a nation which will emerge as a great power in the world.

The Constitution also provides for a fully-functional and independent judiciary. Legislature, Judiciary and Executive have to go hand-in-hand. The Constitution also talks about fundamental rights. Further, women empowerment is a major issue. May be, it is time when constitutionally we find a way to empower women so that this country can be motivation to the people across the world. But first, we need proper representation and empowerment of women. My only request is that if we make it a right to vote then everyone should compulsorily vote.

The political structure and system under the Indian Constitution envisage a federal democratic form of government based on the values of equality, social justice and republicanism. Fundamental Rights and the Directive Principles are the conscience of the Constitution. The 73rd and 74th Constitution Amendments have provided a historic opportunity. These landmark Constitution Amendments ensuring reservation of one-third of seats for women in elections to village-level panchayats and nagar palikas have provided a further impetus to democracy, decentralization and local governance. Dr. Ambedkar had tremendous faith in the future of India, in oneness and unity of the nation and in the development of an integrated Indian society.

The Fundamental Rights talks about keeping the goal of social equality in all parameters. We have to see whether these parameters are being fulfilled? Even today, atrocities are happening on the SCs, STs, and other backward classes. The Government should make provisions whereby the people belonging to the backward sections of society would get job opportunities even in the private sector.

Lastly, I would like to emphasize what the Hon'ble Deputy Speaker has said yesterday that the Government should come forward to amend the Constitution in order to give official language status to all other Indian languages like Kannada and others. When we are speaking of federalism, we should give honour and respect to all other sections also. I would like to know from the Hon'ble Prime Minister whether the NDA Government would bring Amendment to see that all the Indian languages become official languages of this country; if so, when and if not, why?

*__श्री देवजी एम. पटेल (जालौर)__ ः आज हमारी सरकार ने इस महत्वपूर्ण दिवस पर चर्चा के लिए दो दिन संसद सत्र में रखा, यह ऐतिहासिक कदम है। साथ-साथ, यह वÂाऩ बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं जयंती है। जिसे हमारी सरकार बड़े उत्साह से मनाने जा रही है। अगर दूसरी सरकार होती तो उसे याद भी नहीं होता। पिछली सरकारें सिर्फ एक परिवार का ही जन्म दिन, स्वर्ण जयंती आदि मनाने में ही व्यस्त रहती थीं।

यह न तो स्वर्ण जयंती है, न हीरक जयंती, पर तारीख के साथ परिस्थितियां बहुत अहम होती हैं। अब छियासठ साल हो चुके हैं जब भारत ने अपना संविधान को अंगीकार यानि स्वीकार किया था। वÂाऩ 1949 में आज ही के दिन यानि 26 नवंबर को संविधान सभा में इसे लिखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले बाबासाहेब अंबेडकर ने एक बात कही थी कि ""आज इस संविधान की अच्छाइयां गिनाने का कोई खास मतलब नहीं है। संविधान कितना ही अच्छा हो, अगर इसका इस्तेमाल करने वाले लोग बुरे होंगे तो यह बुरा साबित होगा। अगर संविधान बुरा है पर उसका इस्तेमाल करने वाले अच्छे होंगे तो फिर भी संविधान अच्छा साबित होगा। जनता और राजनीतिक दलों की भूमिका को संदर्भ में लाए बिना संविधान पर टिप्पणी करना व्यर्थ होगा।""

वास्तव में आज की सबसे बड़ी जरूरत है कि हम भारत के लोग, संविधान को पढ़ें, जाने और उसमें अपना विश्वास पुगाढ़ करें। इसे भूल जाने का परिणाम है कि हम एक हिंसक, गैर-बराबर और असंवेदनशील परिस्थिति में आकर फंस गए हैं। सिवाय शपथ ग्रहण के कुछ पलों के अलावा हमें वास्तव में कब अपने संविधान के स्वतंत्र और जीवित होने का अहसास होता है, जरा सोचिएगा। कभी अपने बच्चों से पूछिए कि क्या वे भारत के संविधान को पहचानते हैं? अगर हमारे बच्चे संविधान को नहीं पहचानते वोइसलिए कि स्कूलों में यह पढ़ाया ही नहीं जाता है। हमारी शिक्षा व्यवस्था उन्हें विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन पढ़ाती है, संविधान नहीं पढ़ाती। शायद यही कारण है कि उन्हें यह भी नहीं पता कि अनुच्छेद 51 के मुताबिक संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों पर चलना हर नागरिक का "मूल कर्त्तव्य" है।

आज हमारी सरकार ने सभी विद्यालयों में संविधान दिवस मनाकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। ताकि आने वाली पीढ़ी इससे परिचित हो सके। यह महज एक किताब नहीं है, यह एक तरसयुर है कि हम बर्तानिया उपनिवेशवाद यानी गुलामी और गरीबी, जातिवाद से मुक्त होकर किस तरह का मुल्क बनाना चाहते हैं। ट्Âिट यह थी कि देश का निर्माण समाजवाद, पंथ निरपेक्षता, लोकतांत्रिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, मानवीय गरिमा और अवसरों के समान बंटवारे से होगा। विकास को नापने के यही पैमाने होंगे। आज अडसठ साल बीतने के बाद संविधान निर्माताओं के सपने से हम बहुत दूर हैं। अवसर यह सवाल कौंधता है कि वास्तव में पिछली सरकारों नें तुÂिटकरण शब्द को कैसे हमारे संविधान में प्रवेश करा दिया।

अब जरा आसपास के माहौल पर नज़र डालिए। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय इसका केंद्र है। यह कहता है कि दुकान, मंदिर, मनोरंजन के स्थानों, तालाबों, स्नान घाटों, सड़कों, मिलने-जुलने के स्थानों पर किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा। आज़ादी के अड़सठ सालों के बाद भी ऊँची जाति-नीची जाति का भेद जारी है। आखिर प्रमाण सामने होते हुए भी सरकार में यह संविधान लागू करने की मंशा कमज़ोर क्यों रही हैं? यही संविधान, जिसे उन दो सौ दस प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया था, जो हिंदू, मुस्लिम, सिख, पारसी, अनुसूचित जाति, ईसाई, एंग्लो इण्डियन, रियासतों और पिछड़े तबके से संबंध रखते थे और बदलाव का सपना लिए हुए थे। उन्होंने ही माना था कि दलितों और आदिवासियों के लिए आरक्षण अनिवार्य है। रोज़गार में समानता का अधिकार तभी लागू हो सकता है, जब आरक्षण को सही मंशा के साथ लागू किया जाए।

भारत में असहमति और आलोचना का जवाब असहिÂणु व्यवहार से दिया जाता है। जो जातिवाद के खिलाफ और अंधविश्वास के खिलाफ बोलता है, उसका जीवन छीन लिया जाता है। आखिर संविधान के मूल अधिकारों के अनुच्छेद, 19 को छीना ही जा रहा है। इसके मुताबिक हमें अधिकार है कि लोग अपनी बात को अभिव्यक्त कर सकें, शांतिपूर्ण तरीके से सम्मेलन कर सकें, संगठित हो सकें। इस अधिकार को क्रिया में सबसे ज्यादा आघात पहुंचाया जा रहा है। केवल कानून के जरिए नहीं, कानूनों को लागू करने की कार्यशैली के जरिए उनके खिलाफ पुलिस मामले दर्ज करती है, जो धार्मिक-राजनीतिक-आर्थिक सत्ताधारियों से असहमति रखते हैं या उनकी तार्किक आलोचना करते हैं। लोकतंत्र में चर्चा, बहस और बातचीत से समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। आज देश के साथ-साथ विश्व पटल पर भी कई चुनौतियां सामने हैं। सिर्फ मीडिया के माध्यम से कुछ भी कह देना ठीक नहीं है। स्वस्थ लोकतंत्र में मतभेद होने चाहिए, परंतु सरकार द्वारा दिए गए सम्मान लौटाना संविधान को खारिज करने के बराबर है।

कानून का दुरूपयोग करके संगठनों-संस्थाओं को खत्म किया जाना वास्तव में एक संस्था को खत्म किया जाना, संविधान में दर्ज मौलिक अधिकार को खत्म किए जाने के बराबर है। यह सही है

कि अगर कोई देश के खिलाफ या देश के मूल्यों के खिलाफ अपराध करता है, तो कानून को पूरी शिद्दत से अपनी भूमिका निभानी और कार्रवाई करनी चाहिए। पर सरकार को यह तो साबित करना चाहिए कि अपराध क्या है? नीतियों और कार्यशैली की आलोचनात्मक समीक्षा करना संवैधानिक अधिकार है, यह अपराध नहीं है।

पिछले अनेक वÂ○○ों से हमारी पूरी शिक्षा नीति संविधान की भावना के खिलाफ है। संविधान तो कहता है कि हर समूह को अपनी विशेÂ○ भाÂ○○, लिपि, संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है। क्या भील आदिवासी को भीली और बुंदेलखण्ड की छात्रा को भोपाल में बुंदेलखंडी बोलने का अधिकार मिलता है। उनकी बोलियों का उपहास उड़ाकर हम उनके अधिकार समाप्त करते हैं। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी या हिंदी तय कर देने का क्या मतलब है? वास्तव में उपनिवेशवाद को खत्म करने के मकसद से बना था भारत का संविधान। वह लागू नहीं हुआ, इसका मतलब उपनिवेशवाद बरकरार है। हमारी वित्तीय व्यवस्था का स्वरूप भी संविधान से निकल कर आता है। खाद्य सुरक्षा कानून बनाते हैं या रोजगार गारंटी कानून लागू करते हैं, तो समाज और राजनीति का एक वर्ग इन कानूनों का विरोध करता है। वह कहता है कि ये "करदाताओं" के धन का दुरूपयोग है, पर यह सच नहीं है। रोज़गार, जमीन, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय वास्तव में उनका संवैधानिक अधिकार है, कोई भीख नहीं। संविधान तय करता है कि राज्य आय की गैर-बराबरी को कम करने, प्रतिÂठा, सुविधाओं और अवसरों की असमानता को खत्म करने का प्रयास करेगा।

भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार बंटा हो, जिससे सामूहिक हित की सुरक्षा हो। जरा सोचिए कि पिछले अडसठ सालों में जिस तरह सवा सौ करोड़ लोगों को विस्थापित होना पड़ा है, जिस तरह से गांव के गांव बदहाली मे पलायन कर रहे हैं, पंचायतें नौकरशाही की गुलाम है, इससे क्या पता चलता है? मुझे लगता है कि संविधान को कहीं कैद कर दिया गया है। संविधान कहता है कि कर्मकारों को शिÂट जीवन स्तर पाने के लिए जीवन निर्वाह के लायक मजदूरी मिलनी चाहिए। भारत के वेतन आयोग हर बार सरकारी नुमाइंदों के वेतन दो गुने कर देते हैं। आज एक अफसर के प्रतिदिन के वेतन और एक मजदूर के वेतन में सतूह गुना का फासला है, क्यों? क्योंकि संविधान कहीं कैद है? सबसे अहम बात यह है कि अगर एक मजदूर को वास्तव में मिलने वाली मजदूरी को मापें, तो यह अंतर सौ गुने का है। आज किसान को उपज का पूरा दाम नहीं मिल रहा है। किसान की लागत तक नहीं निकल रही है। पूरे देश का किसान आज परेशान है। वह बैंक, साहूकारों के कर्ज तले बुरी तरह से दबा हुआ है। आज का किसान खेती नहीं छोड़ रहा है बल्कि अपनी दैनिक मुसीबतों से तंग आकर अपना जीवन भी छोड़ रहा है, आज किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। आज़ादी के बाद भी किसान परेशान है, यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। आज किसान की आत्महत्या न्यूज़ नहीं बनती, इस पर चर्चा नहीं करते है। देश के बड़े बुद्धिजीवी के लिए यह कोई समस्या नहीं है। इसके लिए कोई आवाज नहीं उठती है।

संविधान सभा की मंशा ऐसा भारत बनाने की तो नहीं थी। विकास का मतलब है मध्य वर्ग को मिलने वाली सुविधाएं मिलने पर अवसर यह कहा जाता है कि भले पैसा ले लो, पानी दो, भले पैसा ले लो, बिजली दो, भले पैसा ले लो, पर अस्पताल बनाओ। यह मध्य वर्ग कभी नहीं सोचता कि देश के पिचहत्तर फीसद लोग इन सेवाओं का भुगतान नहीं कर सकते हैं। बस यहीं से टारगेटिंग शुरू हो जाती है। जो गरीब हैं या तो उन्हें सेवाएं नहीं मिलती या पूरी व्यवस्था भ्रÂट बना दी जाती है। लोग बीमारी से नहीं मरते हैं, इलाज के अभाव में मिलते हैं। बच्चे अकाल के कारण नहीं मरते हैं, बल्कि इसलिए मरते हैं, क्योंकि अनाज के गोदामों में ताला बंद रहते हैं। क्या हम जानते हैं कि संविधान के मूल कर्त्तव्यों में उल्लेख है कि हर नागरिक देश की रक्षा करे, शÂट्र सेवा करे, भेदभाव दूर करे, स्त्रियों के सम्मान के खिलाफ होने वाली हर प्रथा का त्याग करे। आज संविधान के इतने दिन बाद भी भारत की महिलाओं को पर्दा प्रथा में रहना पड़ता है। कई मामले में उन्हें कोर्ट से मिले अधिकार भी नहीं दिए जाते हैं। शरीयत को मानने के लिए मजबूर किया जाता है। सभी को अपना धर्म मानने का अधिकार है, पर संविधान यह भी कहता है कि वैज्ञानिक दÂिटकोण और मानववाद की भावना का विकास करना भी नागरिकों का मूल कर्त्तव्य है। अगर कहीं खनन या कारखाने के कारण पर्यावरण और जैव-विविधता का विनाश हो तो हमें क्या करना चाहिए?

संविधान के हिसाब से तो प्राकृतिक पर्यावरण, वन, झील, नदी, वन्य जीव की रक्षा करना भी नागरिकों का मूल कर्त्तव्य है। ऐसा कोई भी विकास भारत का भला नहीं कर सकता, जिसकी नीतियां संविधान की मूल भावनाओं और इसके प्रावधानों के खिलाफ गढ़ी गई हों। हमें यह मानना होगा कि सांप्रदायिकता का क्षरण, आर्थिक, सामाजिक, गैर बराबरी का खात्मा और मानवीय विकास की प्रक्रिया का सहज होना तभी संभव है, जब हम मूल्य आधारित समाज व्यवस्था में विश्वास रखेंगे और सरकारें उसके मुताबिक नीतियां बनाएंगी, अन्यथा बेहतर समाज कभी नहीं बन पाएगा।

आज, मैं इतना कहना चाहूंगा कि देश में आपातकाल को छोड़ दें तो हमारा लोकतंत्र विश्व के लिए मिसाल बनकर उभरा है, जिस पर हमें गर्व है।

□**SHRI P.K. BIJU (ALATHUR):** I am grateful to have the opportunity to lay my speech on honourable Dr. Bhimrao Ramji Ambedkar, the architect of the Constitution and radical social reformer, on his 125th birth anniversary. He was popular among public by the name Babasaheb because of his great contributions towards the Indian society.

Dr. B.R. Ambedkar was born on 14 April 1891 in a poor untouchable Dalit family in Maharashtra. He is a beacon light and unending encouragement to the millions of poor people in our country. Overcoming numerous social and financial obstacles, Dr. Ambedkar became one of the first so called "untouchables" to obtain a college education in India. Eventually he earned law degrees and multiple doctorates for his study and research in law, economics and political science from Columbia University and the London School of Economics.

Besides the chief architect of the Indian Constitution, he is also remembered as a political leader, Buddhist activist, philosopher, thinker, anthropologist, historian, orator, prolific writer, economist, scholar, editor, revolutionary and the revivalist of Bhddhism in India. He had played his great role in establishing the Reserve Bank of India as he was a professional economist. He became successful in forming the Reserve Bank of India in 1934 after giving his ideas to the Hilton Young Commission through his three successful scholarly books on economics such as "Administration and Finance of the East India Company, The Evolution of Provincial Finance in British India, and the Problem of the Rupee: Its origin and Its Solution".

He also played his role in planning the Indian economic as he got his Economics doctorate degree from abroad. He encouraged people for the growth and development of the industrialization and agricultural industry to enhance the economy of country. He had given ideas to the government for accomplishing the food security goal. He encouraged people for good education, hygiene and community health as their basic requirement. He had established the Finance Commission of India.

But Babasaheb has been marked in the Indian history for starting the social movement like anti-caste, anti-priest movement and temple entry movement. He said that political power is not the only way to solve all the problems of depressed class people, they should get equal rights in the society in every field. He was deeply involved in making legal changes in order to protect the low class people rights during his Membership of Viceroy's Executive Council in 1942. He paid his major contribution by protecting the Fundamental Rights especially for the social freedom, equality and eradication of untouchability for lower caste people and enhancing the living status by securing the fair distribution of wealth through Directive Principle of State Policy in the Indian Constitution. He continued his social revolution till the end of his life through the Buddhism. He has been honored with the Bharat Ratna in the month of April in 1990 for his big contributions towards the Indian society.

But in the present day we are witnessing the erosion of ideals upheld by Dr. Ambedkar. Despite the existence of numerous laws, atrocities against Dalit are common place in India. It was prophetic words from Ambedkar:

> "On the 26th of January 1950, we are going to enter into a life of contradictions. In politics we will have equality and in social and economic life we will have inequality. In politics we will be recognizing the principle of one man one vote and one vote one value. In our social and economic life, we shall, by reason of our social and economic structure, continue to deny the principle of one man one value".

The following decades proved his words. Denial of justice to scheduled castes and scheduled tribes and violence directed at them continues in India today despite official policies and declarations to the contrary. Considerable physical violence is inflicted on members of these deprived and marginalised communities as substantiated by official reports. Crimes against dalits rose 245% in last decade. Reports suggest a manifold increase in the number of cases related to assault, murder and sexual assault of Dalit women, especially incidents of gang rapes, over the past four years. It is ironical that only 50% of the accused in such crimes faced action. The conviction rate under SC/ST Prevention of Atrocities Act is 15.71% and pendency is as high as 85.37%. This when the Act has strict provisions aimed as a deterrent, by contrast, conviction rate under IPC is over 40% only.

The other facts are also shocking. The number of school drop outs among dalit population in the country was also increasing. Out of 4 lakh children who have dropped study in between during the past five years in the country, 40% children belong to the Schedule castes. 37 percent of Dalits are living below poverty in India. More than half (54%) of their children are undernourished in India. 83 per 1000 children born in Dalit community have probability of dying before the first birthday. 45 percent of Dalits do not know to read and write in India. Dalits women burden double discrimination. i.e.; gender and caste in India. Only 27 percent of Dalits women give institutional deliveries in India. About one third of Dalit households do not have basic facilities. Public health workers refuse to visit Dalit homes in 33% of villages. Dalits are prevented from entering police station in 27.6% of villages. Dalit children have to sit separately while eating in 37.8% of Government Schools. Dalits do not get mail delivered to their homes in 23.5% of villages. Dalits are denied access to water sources in 48.4% of villages because of segregation and untouchability practices. Half of India's dalit children are undernourished, 21% are severely underweight and 12% die before their 5th birthday. Literacy rates for dalit women are as low as 37.8% in Rural India.

It is sad to say that violence against Dalits is astronomical under Modi government. UPA 2 Cabinet cleared the updated Bill in 2013, but it couldn't be passed in Parliament. Ordinance was passed, but NDA government allowed it to lapse. Then it sent that to Parliamentary Standing Committee on Social Justice and Empowerment. Committee cleared it late last year with minor changes, but the Government hasn't moved on it yet. Instances of gangrapes of dalit women and minor girls are frequent stories from states such Uttar Pradesh, Bihar, Rajasthan, etc.

The dawn of neo-liberalism and privatization has added the woes of the dalit people. They are strategically evaded from the new opportunities given by the liberalization. Instead the ruthless pursuit of capitalism has worsened the condition of poor in our country. They bear the brunt of mindless exploitation of our natural resources and culture.

It isn't the Constitution that has let Dalits down. It is the execution of the stated intent that has failed them. There are also strong moves from the right wing group to scrap the reservation, the only hope left for poor dalits youth in our country. By encouraging those vicious elements in the society, the government is trying to snatch the last hope for the dalit population. It is also highly deplorable that the present government is trying to saffronise Babasaheb, who is revered as a Bodhisattva by Indian Buddhist Bhikkus and by millions of other Buddhists.

I conclude with the hope that the revival of Dr. Ambedkar's vision would be the only solution to recapture the lost honour of the dalits in our country. The Government should hold a special parliament on Dalit issues such as atrocities, effective implementation of reservation and scheduled caste and scheduled tribe sub-plan. Without that the dreams of Dr. Ambedkar would not be fulfilled and his 125th birth anniversary would be ended as another tokenism from the Government.

***श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा)** ः हम सब अपने संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं। यह कितनी खुशी की बात है कि अपने संविधान निर्माता को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, किंतु मेरा मानना है कि उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सब अपने संविधान की मूल भावना को समझें और उसका पालन कर एक बेहतर एवं विकसित समाज बनायें।

आज सरकार की नीतियां संविधान की उन मूल भावना से परे लगती है, क्योंकि आज़ादी के 68 सालों के बाद, आज देश असहिÂणुता के दौर से गुजर रहा है। हमारा संविधान हमें समाजवाद, पंथनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, व्यक्तिगत अधिकार यानि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, मानवीय गरिमा, देश की एकता व अखंडता और अवसरों के समान बंटवारे का पाठ पढ़ाता है। किन्तु क्या सही मायने में यह सब हमें व हमारे नागरिकों को ऐसा प्रतीत हो रहा है, इसमें संदेह है। आज भी हमारे समाज में ऊँची-नीची जाति का भेदभाव जारी है। आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की बातें तो हम करते हैं, किंतु यह सामने है कि आज भी देश में एक मजदूर को वास्तव में मिलने वाली मजदूरी को मापें तो अपने अधिकारियों के वेतन से यह अंतर 100 गुने का है। संविधान सभा की मंशा ऐसा भारत बनाने की तो कतई नहीं थी। यह संविधान, जिसे उन 210 प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया था, जो हिंदू, मुस्लिम, सिख, पारसी, अनुसूचित जाति, ईसाई, एंग्लो इण्डियन, रियासतों और पिछड़े एवं अति पिछड़े तबके से संबंध रखते थे और बदलाव का सपना लिए हुए थे। उन्होंने ही माना था कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के लिए आरक्षण अनिवार्य है। यह सही मायने में लागू रहे, तभी उन्हें समानता का अधिकार मिल सकता है। किंतु आज चर्चा इसे हटाने की हो रही है। रोज़गार, जमीन, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा व न्याय वास्तव में नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है, यह कोई भीख नहीं है। मगर आज इसे सरकार अपनी तरफ से देने की बात कर हमारे संविधान का अपमान कर ही है।

पिछड़ेपन से उबरने के लिए बिहार राज्य की उचित मांग की अनदेखी की जा रही है। बिहार के साढ़े दस करोड़ लोगों की मांग है कि बिहार को विशेÂा राज्य का दर्जा मिले। 2007 में बिहार विधानसभा से सभी पार्टियों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ था कि बिहार को विशेÂा राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। इस आंदोलन को माननीय मुख्यमंत्री जी ने तेज गति दी और पटना के गांधी मैदान से लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान तक ऐतिहासिक रैली भी हुई और उस समय की यू.पी.ए. सरकार से बिहार को विशेÂा राज्य का दर्जा देने की पुरज़ोर मांग की गई। यू.पी.ए. सरकार द्वारा रघुराम राजन कमेटी बनाई गई, जिसकी रिपोर्ट भी सरकार के पास आ चुकी है, जिसमें बिहार को अति पिछड़े राज्यों में दूसरे पायदान पर रखा गया। लोक सभा चुनाव के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने पटना के गांधी मैदान में यह घोÂाणा की थी कि बिहार को अगर कोई विशेÂा राज्य का दर्जा दे सकता है, तो वह सिर्फ मैं ही दे सकता हूँ। चुनाव के दौरान पूरे बिहार में घूम-घूमकर उन्होंने जनता से वायदा भी किया था कि किसानों को लागत का मूल्य डेढ़ गुना भुगतान किया जायेगा। बिहार की बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू किया जाएगा। भागलपुर सिल्क उद्योग को अंतर्राÂट्रीय उद्योग का दर्जा दिलायेंगे। हर गरीब को छत देंगे। विदेशों से काला धन लाकर देश के प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम खाते में 15 लाख रूपए देंगे। एक भी वायदा अभी तक पूरा नहीं हुआ। यही तो संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात है। हमारे नेता और बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी संविधान की मूल भावना को समझते हैं और लागू करने के लिए जाने जाते हैं। वे ही ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो महिलाओं को संवैधानिक अधिकार देकर पंचायती राज प्रणाली एवं अन्य सुविधाओं में 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान किया है। ""सबका साथ-सबका विकास"" के साथ न्याय तो हमारे राज्य बिहार में प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है और राज्य की महान जनता ने भी इसकी स्वीकृति दी है। जबकि प्रधानमंत्री जी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और दिल्ली की पूरी सरकार पटना में बैठा दी, फिर भी इन्होंने जो जनता को ठगने का काम किया है, उसका करारा जवाब बिहार की जनता इन्हें दे चुकी है।

हम विश्व गुरू होने का दावा करते हैं, मगर अपने देश में ही असहमति एवं आलोचना का जवाब असहिÂणु व्यवहार से देते है। अगर कोई व्यक्ति जातिवादी, अंधविश्वास के खिलाफ एवं स्वरूचि भोजन व रहन-सहन की बातें करता है, उसका जीवन छीन लिया जाता है। यहां तो संविधान के मूल अधिकारों के अनुच्छेद 19 को ही छीना जा रहा है। यह सारी बातें सरकार समझती एवं जानती है। किंतु मंशा कमजोर होने के कारण उचित न्याय नहीं कर पाती है। अतः मेरा मानना है कि शुरू से ही शिक्षा द्वारा हर व्यक्ति को संविधान की मूल भावना के बारे में पढ़ाया जाए, जिससे कि प्रत्येक

नागरिक को पता हो कि मेरा मूल अधिकार क्या है और अनुच्छेद-51 के मुताबिक संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों पर चलना हर नागरिक अपना ""मूल कर्त्तव्य"" समझे। यही शÂ ट्रभक्ति है। मैं यह भी मानता हूँ कि माननीय गृहमंत्री जी द्वारा स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री जी की तुलना संविधान निर्माता से करना उचित नहीं होगा, क्योंकि संविधान मं स्वतः स्वच्छता की जिम्मेदारी तय कर दी गयी थी। मातृ उसे सही रूप में पालन करने की आवश्यकता है। यह भावना जो हमारे संविधान निर्माता की थी, उसे समझने में भूल की जा रही है।

इन्हीं शब्दों के साथ संविधान सभा के अग्रणी सभासदों डॉ.भीमराव अंबेडकर, नेहरू जी, मौलाना आज़ादी जी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी, सरदार पटेल जी एवं अन्य सभी को सादर नमन करता हूँ।

***डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद)** ः हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं भारत सरकार के बहुत आभारी हैं कि सरकार ने 26 नवंबर को ""संविधान दिवस"" के रूप में मनाने का फैसला किया है। मैं भारत के उस महान संविधान एवं उनके शिल्पी डॉ. अम्बेडकर एवं संविधान समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं भारत सरकार और हमारे प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभारी हूँ कि उन्होंने संविधान जिसकी वजह से हमारा लोकतंत्र और भी मजबूत हुआ है, उसे गौरव देने का कार्य किया है।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने सामाजिक न्याय और दलितों के सम्मान एवं अस्पृश्यता दूर करने का महान कार्य किया है। कभी-कभी कई लोग उनकी सिद्धियों को संकीर्ण करके उनको छोटे दायरे में, यानि कि दलितों के नेता बताने की कोशिश करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। निश्चित रूप से बाबासाहेब दलितों के मसीहा हैं, मगर बाबासाहब ने पूजा के सभी वर्ग के लिए अपना दायित्व निभाया है। महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है, अगर महिलाओं को हक दिलाने की किसी ने बात की है तो वे बाबासाहेब हैं। बाबासाहेब की वजह से महिलाओं को संवैधानिक हक मिला है।

बाबासाहेब ने श्रमिकों के लिए भी ठोस कानून बनाया है। मैं आगे बढ़कर कहना चाहता हूँ कि भारत की 125 करोड़ की जनता बाबासाहेब की आभारी है। संविधान के शिल्पी होने की वजह से उन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसकी वजह से भारतीय उपखंड के अन्य देशों में लोकतंत्र नहीं बचा है, जबकि भारत में लोकतंत्र की जड़ें और भी गहरी हुई हैं। 2014 के लोकसभा के चुनाव में देश की रक्षा एवं दिशा बदलने का कार्य किया है और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक नई विचारधारा अपने बल पर स्पÂट बहुमत से अपनी सरकार बना सकी, इसका श्रेय भारत के संविधान को जाता है तथा डॉ. बाबासाहेब को जाता है।

बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में जो प्रावधान किया, जैसे कि सामाजिक न्याय, गरीबों को उत्थान, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने कई कदम उठाए है तथा ""सबका साथ-सबका विकास"" के मंत्र को लेकर सुशासन देने का प्रयत्न सफलतापूर्वक किया है, उसकी वजह से मैं सरकार को धन्यवाद देता हूँ।

मुझे स्मरण है कि हमारे प्रधानमंत्री जी और तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2010 में सुरेन्द्र नगर शहर में भारत के संविधान को हाथी की अंबाड़ी पर रखकर 2 किलोमीटर लंबी संविधान सम्मान यात्रा का आयोजन किया था और उन्होंने खुद यात्रा को नेतृत्व पूदान किया था। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सरकार संविधान की भावनाओं के पथ पर आगे बढ़ रही है और मेरा दृढ़ मानना है कि भारत का संविधान दुनिया का संविधान ग्रंथ है। यह एक ऐसा संविधान है, जिसके पास सभी चुनौतियों का जवाब है और देश को सुशासन, विकास एवं सामाजिक न्याय देने की क्षमता है।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया जी, सबसे पहले तो मैं आपका और लीडर ऑफ दि हाउस का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने संविधान दिवस पर इस चर्चा का समय हमें दिया। मैं समझता हूं कि 125वीं जयन्ती, जो डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मनाई जा रही है और उस पर ऐसी चर्चा होनी जरूरी थी।

13.02 hours (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

हमारा विधान विशाल है, इसकी परिभाÂÂाा विशाल है। कई लोग इसके शाब्दिक अर्थ निकालते हैं, कई इसकी स्पिरिट के अर्थ निकालते हैं। इसीलिए इसकी कमिटमेंट्स जो हैं, वे भी अनिश्चित बन जाती हैं। जब कमिटमेंट्स अनिश्चित होंगी तो बहस भी, मैं समझता हूं कि अनिश्चित रह जायेगी। मेरा निवेदन है कि एक कोड ऑफ कंडक्ट बनना चाहिए। जितने भी यहां स्पीकर्स बोले हैं, तकरीबन यह मानकर गये हैं कि जो संविधान निर्माताओं ने सोचा था, वह हो नहीं पाया। उसके लिए कौन जिम्मेदार है, जिन्होंने राज किया, वही जिम्मेदार होंगे। आगे के लिए ही सुधार हो जाये तो अच्छी बात है। इसके लिए कोड ऑफ कंडक्ट होना चाहिए, मेरा यह मानना है। कोड ऑफ कंडक्ट बनाने के लिए कोई इम्पार्शियल इंस्टीट्यूशन होनी चाहिए।

यहां बहुत सारे लोगों ने कहा, ईवन माननीय गृह मंत्री जी ने भी कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने जो विधान बनाया, फ्रांस से पढ़कर उन्होंने कुछ बातें लीं, कुछ इंग्लैण्ड से पढ़कर बातें लीं, कोई कुछ कहता है। मैं यह समझता हूं कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी हमारे हिन्दुस्तान की संस्कृति को जानते थे, जो हमारे हिन्दुस्तान की परम्पराओं और मान्यताओं में विश्वास रखते थे। मैं कहना चाहता हूं कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी पर यदि किसी का असर था, यदि वे प्रभावित हुए तो महानगुरू गुरू नानकदेव जी की विचारधारा से प्रभावित हुए। हमें गौरव है कि इस देश का नाम हिन्दुस्तान यदि किसी ने पहली बार लिया तो गुरू नानकदेव जी ने लिया।

जब इस देश पर पहले मुगल बादशाह ने अटैक किया, तो गुरु नानक देव साहब ने कहा-

खुरासान ख़समाना किया, हिन्दुस्तान डराया

आपे दोÂा न देई कर्ता, जम कल मुगल चढ़ाया।

अगर कभी सॉवेरैंटी की बात हुई, अगर इस देश की प्रभुसत्ता की बात हुई और उसके साथ ललकार कर मुगल सल्तनत को अगर किसी ने कहा, तो गुरु नानक देव साहब ने कहा। उन्होंने बाबर को ज़ाबर कहा। उन्होंने कहा-

पाप की जंज लै कबूलो धाया, जोरी मंगे दान वे लालो

शर्म धर्म सब छुप खलोय। कूड फिरे प्रधान वे लालो।

इस देश की डिग्निटी, ऑनर के लिए, सम्मान के लिए जो लोग लड़े, उनमें गुरु गोविन्द सिंह जी, महाराणा प्रताप जी, शिवाजी मराठे जैसे लोग लड़े। इनके जीवन से हमें बहुत बड़ी प्रेरणा मिलती है, जो डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने ली। मेरी कंस्टीट्युन्सी में एक शहर है चमकौर साहब, जिसके बारे में अल्लाह यार -योगी खान ने कहा-

है हिन्द में एक तीर्थ,

जहां बाप ने कटाए बेटे धर्म के लिए।

अभी मेरे मित्र सिंधिया जी यहां से सेक्यूलरिज्म की बात करके गए हैं। इस देश में धर्म के नाम पर कोई पिता अपने बेटे को अपनी आंखों के सामने शहीद करवा सकता है, और जिस देश में जिस धर्म को तेग बहादुर साहब नहीं मानते थे। 'तिलक जंजु राखा प्रभ ता का' - वे जंजु नहीं पहनते थे। मगर, उन्हें चांदनी चौक, दिल्ली में आकर तिलक जंजू की सूखी के लीचे अपना शीश दिया। जिस देश में धर्म की रक्षा के लिए कोई अपना शीश बलिदान करता हो, कोई पुत्र बलिदान करता हो, उस देश में ये लोग इमरजेंसी का सहारा लेकर, सेक्यूलरिज्म का नाम लेकर अगर धर्म को मिटाना चाहते हैं, तो ये लोग गलतफहमी में हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने डेमोक्रेसी का कंसेप्ट लिया तो गुरु नानक देव जी की विचारधारा 'पंच प्रधान, पंच परवान, पंचे

पावै दरगाह मान' को लिया। अगर सेक्युलरिज्म की बात कही जाए, समानता की बात कही जाए, तो 'सबै सांझी बाल सदेपन कोई नां दिसे बाहरा जीयो" का उपदेश दिया। उन्होंने 'मानस की जात सबै एक, एक पहचानवो' का संदेश दिया। उन्होंने फ्रैटरनिटी का संदेश दिया, सर्वत्र के भले का संदेश दिया और ऊंच-नीच, बराबरी की बात की। दबे-कुचले, लताड़े हुए दलित लोगों की बात इस धरती पर सबसे पहले आकर गुरु नानक देव ने कही। उन्होंने कहा-

नीचा अंदर नीच जाति नीची हू अति नीच,

नानक जिनके संग साथ, बडिया स्यों क्या रीस।

यह फिलॉसिफी, यह विचारधारा, जो औरतों के सम्मान की है।

सो क्यों मंदा आंखिए, जित जमे राजान

आज हम कभी औरतों के लिए रिज़र्वेशन की बात करते हैं, कभी उन्हें कोई अधिकार देने की बात करते हैं। सती प्रथा वगैरह उस समय उन्होंने खत्म की। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ भी डा. अम्बेडकर जी ने सीखा, वह गुरु नानक देव साहब की विचारधारा से सीखा।

डिप्टी स्पीकर साहब, इतिहास इसका गवाह है। यह मैं इस हाउस को बताना चाहता हूं कि डा. भीमराव अम्बेडकर जी सिख बनना चाहते थे। मैं उस नेता का नाम नहीं लेना चाहता हूं, क्योंकि ये लोग उस बात पर बहुत शोर करेंगे। उस नेता ने उनके ऐसा करने पर मौन व्रत रखने की धमकी दे दी कि अगर डा. भीमराव अम्बेडकर जी सिख बनेंगे, तो मैं मरण व्रत पर चला जाऊंगा। मजबूर होकर डा. अम्बेडकर जी को पीछे हटना पड़ा। उस नेता का नाम आप सबको पता होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि आज-कल जो इस पर बहस हुई है, उससे थोड़ा पीछे हट कर मैं इतिहास में जाना चाहता हूं। यह इतिहास है कि जब देश का विधान बना तो जो हमारे नुमाइंदे थे, जो हमें रिप्रेज़ेंट करते थे, जो इस हाउस के स्पीकर भी रहे हैं, सरदार हुकुम सिंह और दूसरे सरदार भूपिंदर सिंह मान, जो मेरे पड़ोस में, मेरे गांव के साथ रहते थे।

उन्होंने यÂो में, प्रोटेस्ट में इस विधान पर साइन नहीं किए थे। क्यों? मैं आपके थ्रू हाउस को बताना चाहता हूं। उसका एक कारण था। जब आजादी की निगोसिएशन अंग्रेजों के साथ हो रही थी, यह सच्चाई है, इतिहास है। वहां दो नहीं तीन धिर गई। पंडित नेहरू जी के साथ, जिन्ना जी के साथ, हमारे नेता मास्टर तारा सिंह जी शिमला कांफ्रेंस में गए। जब लंदन में कांफ्रेंस में आजादी के साइन हुए तो मास्टर तारा सिंह जी ने पंडित नेहरू जी और जिन्ना जी के साथ सरदार बलदेव सिंह को भेजा। कांस्टीट्यूशन असेंबली में जब चर्चा होने लगी तो हमारे नुमाइंदों ने अपनी बात कहनी चाही। उस समय पंडित नेहरू जी और महात्मा गांधी जी ने कहा, महात्मा गांधी जी ने चांदनी चौक में कहा, पंडित नेहरू जी ने हाउस में कहा कि मैं सिख संप्रदाय के लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इनका धर्म, इनका सभ्याचार, इनकी भाÂाा, इनके धर्म स्थान की कोई छेड़खानी नहीं करेगा, हम उनकी रक्षा करेंगे और सिखों के उत्तरी भारत में सुरक्षित रहने की गारंटी होगी।

डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे दुख है कि हुआ क्या? हुआ यह कि सिख शेडयूल्ड कास्ट के लोगों को रिजर्वेशन नहीं दी गई। सिख शेडयूल्ड कास्ट को रिजर्वेशन की लिस्ट में ही नहीं रखा। उसके लिए मास्टर तारा सिंह को संघÂार्ष करना पड़ा। दो साल बाद सिख शेडयूल कास्ट को रिजर्वेशन का अधिकार मिला। आजाद भारत में सबसे पहले किसी के गुट पर हथकड़ी लगी तो हमारे लीडर मास्टर तारा सिंह पर लगी।

इस देश में फैसला हुआ था कि भाÂाा के आधार पर प्रदेश बनेंगे। पंजाबी भाÂाा को नजरंदाज किया गया और हमें संघÂार्ष करके पंजाबी सूबा बनाना पड़ा। इसके लिए हजारों लोगों को जेल में जाना पड़ा। एक धारा एक्ट में, विधान में आ गई। उससे हमें हिंदू मैरिज एक्ट का हिस्सा बना दिया। हम लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी आइडेंटिटी अलग है, हमारे रस्म-रिवाज अलग है, हमारी पहचान अलग है, लेकिन उसको अनदेखा कर दिया गया। ये कहते हैं कि हम सबके साथ बराबर सलूक करते रहे हैं।

दूसरी बात, मास्टर तारा सिंह के साथ पंडित नेहरू जी ने एक समझौता किया कि हम आपके गुरूद्वारा प्रबंध में दखल नहीं देंगे। एसजीपीसी एक एक्ट बना, जिसे अंग्रेजों ने बनाया। खून देकर बनवाया, छाती में गोलियां खाकर बनवाया। उस एक्ट को इन्होंने हरियाणा में अलग कमेटी बनाकर तोड़ दिया। यह सेक्युलरिज्म की बात करते हैं। हमारी कमेटी अलग बना दी। रिपेरियन लॉ दुनिया भर में माना जाता है, देश में माना जाता है। पानी के बंटवारे में, इमरजेंसी के दिनों में जब हमारे नेता जेल में अन्दर थे, बादल साहब, तोहड़ा साहब, हम सब, उस समय इन्होंने रिपेरियन लॉ तोड़कर पानी का गलत बंटवारा कर दिया। हमारी राजधानी चंडीगढ़ कुछ समय के लिए ली, लेकिन आज तक नहीं दी।

1984 में क्या हुआ? 1984 में निहत्थे हजारों सिखों को, बेगुनाह लोगों को कत्ल कर दिया और हमारे दरबार साहब को तोपों और टैंकों से उड़ा दिया। जहाँ हमारा गुरू परगट रूप में है, जिसके बारे में गुरू गोविन्द सिंह जी कहकर गए हैं, सब सिखों को हुक्म है, गुरू मानियो ग्रन्थ, उस गुरू के हिक में इन्होंने गोलियाँ मारीं। दरबार साहब, जहाँ राम की बात, जहाँ फरीद की बात, जहाँ सब धर्मों के जो अच्छे लोग हुए हैं, उनकी बात कही जाती है। जहां सबवैं सांझी वारिस सदा होएं, कोई न दिसै बैरी जिव का उपदेश होता है। जहां अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे, एक नूर ते सब जग उपजा, कौन भले कौन मंदे की बात होती है। वहां इन्होंने गोलियां चलाई, टैंक चलाए। हमारे साथ यह भी अन्याय हुआ।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि ऐसे समय में मास्टर तारा सिंह जैसे लोग पाकिस्तान की सरहद गुड़गाँव से उठाकर अटारी तक ले गए। अगर हमारे नेता मास्टर तारा सिंह नहीं होते तो इस देश की सरहद अटारी की जगह गुड़गांव होती। क्या मास्टर तारा सिंह को भारत रत्न नहीं दिया जा सकता था, क्या मास्टर तारा सिंह की मूर्ति पार्लियामेंट में नहीं लग सकती थी, लेकिन यह नहीं लगा। सिविल नाफरमानी की बात, नॉन-वायलैंस की बात, इस देश में सबसे पहले कूका लहर के मुखी बाबा राम सिंह ने की थी । ...(व्यवधान)

जहां वÂार्ष 1857 की लड़ाई को आजादी की पहली लड़ाई कहते हैं, सही मायने में 1849 में श्याम सिंह अटारी बाबा ने दर्रा खैबर का रास्ता बंद किया, जहां से मुगल आते थे और देश को लूट कर ले जाते थे, यहां के मंदिरों को लूट कर वे ले जाते थे, यहां की बहू-बेटियों की इज्जत लूटते थे। श्याम सिंह अटारी वाले ने वÂार्ष 1849 में दर्रा खैबर मुगलों का रास्ता बंद करवाया। वह आजादी की पहली लड़ाई थी। मैं समय का ख्याल रखते हुए उसके डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं। डा. अम्बेडकर साहेब ने जो संविधान बनाया, क्या इन्होंने उसको पूरा माना? आर्टिकल 22 राइट टू अरेस्टेड पर्सन्स के बारे में कहता है। यह ठीक है कि हमारे संविधान में राइट्स के साथ कुछ लिमिटेशंस भी लगायी गयी हैं। जब आर्टिकल 22 बना तो उसके साथ पीडी एक्ट लगा दिया गया। उस समय पंडित नेहरू जी ने बोला था कि मैं समझता हूं कि यह अनडेमोक्रेटिक है, मगर हमारी मजबूरी है इसलिए मैं विश्वास दिलाता हूं कि इसका पॉलिटिकल तौर पर मिसयूज नहीं होगा। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि मीसा एक्ट और टाडा एक्ट बना तो क्या उनका पॉलिटिकल मिसयूज नहीं हुआ। इमरजेंसी के दिनों में मैं पंजाबी यूनिवर्सिटी का प्रेसिडेंट था। उस समय हमने ज्ञानी जैल सिंह को यूनिवर्सिटी में आने से रोक दिया क्योंकि उन्होंने कुछ विद्यार्थी गोली से मरवा दिए थे। जब इमरजेंसी लगी तब मैं पढ़ाई कर रहा था। जब मैं पढ़ाई करके हटा तो सबसे पहले मैं विद्यार्थी हू, जिस पर मीसा लगा दिया गया। सभी लीडर्स 19 महीने बाद छूट गये, लेकिन मुझे 21 महीने बाद जेल से छोड़ा गया। यह मिसयूज नहीं तो क्या है? हमारे नेता प्रकाश सिंह बादल ने आजाद भारत में, आज की राजनीति में सबसे ज्यादा 17 वÂार्षों तक जेल की सजा काटी है। यहां मिसयूज नहीं हुआ तो क्या हुआ? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आर्टिकल 45 कम्पलसरी एजुकेशन की बात करता है, 15 वÂार्षों तक एजुकेशन देने की बात करता है, क्या जो पब्लिक स्कूल्स खोले जा रहे हैं, आईसीएसाई, सीबीएसई के कोर्सेज, क्या ये डिसपैरिटीज पैदा नहीं करते हैं। इससे क्या हो रहा है? इस समय देश में अलग-सी क्लास बनती जा रही है। शिक्षा बोलिए, चिकित्सा बोलिए, आज 25 प्रतिशत गरीबी बढ़ने का कारण महंगी दवाइयां हैं। ...(व्यवधान) आर्टिकिल्स 14 टू 18 इक्वेलिटी की बात करते हैं। जो भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान में लिखा, उसे भी उन्होंने लागू नहीं किया। यह एक दिन में थोड़े हो गया। आज 67 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे हैं, जिनको एक से दो रुपये किलोग्राम आटा देने की व्यवस्था फूड ग्रान्टी के तहत की है। अगर गरीब हैं तब ही यह की गयी है। हमारा जो इकोनॉमिक मॉडल आया है, उसने अमीर-गरीब के बीच की खाई को बढ़ा दिया। जब देश आजाद हुआ था तो हम टाटा-बिड़ला दो-तीन लोगों को ही देखते थे, लेकिन आज 300 लोग अरबपति हैं और मुल्क का 40 प्रतिशत सरमाया इन लोगों के हाथ में चला गया।...(व्यवधान) बाकी मुल्क कहां जायेगा। इसलिए इस इक्वेलिटी का क्या होना था, यह खाई बढ़ी, इसलिए अराजकता फैल रही है। देश में जो ऐसी मुश्किलें खड़ी हो रही हैं, उसका कारण यह है।

इस देश में फैडरलिज़्म की बात कही गई थी। इन्होंने उसके शाब्दिक अर्थ निकाल लिए। असल में जो टैक्सेशन सिस्टम है, प्रदेश का सारा पैसा लाकर सैंटर के पास रखा गया। राशि समय के साथ बढ़ती गई। इसलिए अलग-अलग प्रदेशों में अविश्वास की भावना पैदा हुई चाहे पंजाब, असम या तमिलनाडु हो। क्षेत्रवाद बढ़ा, क्षेत्रीय पार्टियां आगे आई और फैडरलिज़्म सही रूप में लागू नहीं हुआ। मैं कहना चाहता हूं कि संविधान निर्माताओं की भावना को ध्यान में रखना चाहिए और देश में फाइनैंशियल ऑटोनोमी होनी चाहिए। मैं माननीय नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह

कोऑपरेटिव फैडरलिज़्म लाए, 32 प्रतिशत से 42 प्रतिशत शेयर स्टेट्स का फंड्स में किया। अभी उसे और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि जब तक राज्यों में फाइनैंशियल ऑटोनोमी नहीं होगी तब तक देश आगे नहीं बढ़ पाएगा। सड़कें, स्कूल, अस्पताल बनाकर मुलाजिम प्रदेश सरकारों को बनाने की जरूरत है, सैंटर को क्या पता कि कैसे सड़क बननी है, कैसे स्कूल बनना है और कहां अस्पताल बनना है। सब कुछ मुट्ठी में रख लिया गया, सब कुछ सैंट्रलाइज हो गया जिसके कारण प्रदेश कमजोर हो गए। अगर आज देश को मजबूत करना है, डिप्टी स्पीकर साहब, आप भी हमारी सोच के हैं, आप इस पर थोड़ा समय दीजिए क्योंकि यदि प्रदेश मजबूत होंगे तब देश मजबूत होगा। अगर हमारे अंग ही कमजोर होंगे तो शरीर को लेकर क्या होगा। इसलिए हम मानते हैं कि जब तक इस देश में फाइनैंशियल ऑटोनोमी नहीं होगी तब तक देश आगे नहीं बढ़ पाएगा।

जो चर्चा शुरू की गई है, मैं चाहता हूं कि हर सैशन में ऐसी चर्चा होनी चाहिए। संविधान के जन्म दिवस को ऐसे ही मनाना चाहिए जैसे इस समय किया गया है। हर सैशन में कम से कम दो दिन इसके लिए होने चाहिए जिससे छोटी पार्टियां अपनी बात कह सकें। बहुत बड़ा डिसक्रिमिनेशन होता है, बड़ी पार्टियां अपनी बात कह देती हैं, ज्यादा नम्बर की वजह से समय ले लेती हैं। यह मोनोपोली है। डा. भीमराव अम्बेडकर ने संसद बनाई थी। यह संसद भी गुरु नानक देव साहब की फिलॉसफी - जब तक दुनिया रहिए नानक, किस सुनिए किस कहिए। हम सरोते के तौर पर आते हैं। सुनाने वाली बड़ी पार्टियां हो जाती हैं। खड़गे जी नहीं मानते, ये हर बात में आगे आ जाते हैं।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जहां हम भी अपनी बात कह सकें। दूसरा, जिसकी बात सुबह हुई थी। इस देश में जो व्यक्ति किसी के साथ ज्यादती या अन्याय करता है, यहां तक कि भगवान, परमात्मा को भी गोलियां मारता है, हम अपने कानून की बंदिश में उसे सजा दे सकें या नहीं, परमात्मा उसे सजा देता है चाहे किसी भी तरह दे।...(व्यवधान)

मैं आखिर में एक बात और कहकर अपनी विनती समाप्त करूंगा। जिस प्रिंट से संविधान निर्माताओं ने कौन्सटीट्यूशन बनाया, उसे लागू करने के लिए देश में ईमानदारी की जरूरत है। यह नहीं कि भाÂाण दे दो, कहना कुछ और करना कुछ। ये लोग कहीं सैंकुलरिज़्म की बात करते हैं, कहीं शैडयूल्ड कास्ट्स को अधिकार देने की बात करते हैं या करप्शन की बात करते हैं तो ऐसे लगता है जैसे उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। जिन्होंने आप सब कुछ किया वे दूसरे लोगों को दोÂा देते हैं। इसलिए यदि हम इस हाउस में सब बातें ईमानदारी से करेंगे और ईमानदारी से फैसले करेंगे तो मैं समझता हूं कि देश आगे बढ़ सकता है और हमारे संविधान निर्माताओं को भी स्वर्ग में खुशी होगी, संतुÂिट होगी। धन्यवाद।

***श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूं)** ः आज देश के संविधान को कार्य करते हुए 65 वÂान पूरे हो गए हैं और जब हम इन बीते वÂााों का आंकलन करते हैं तो निश्चित ही हमें अपने देश, संविधान और इसकी कार्यप्रणाली पर गर्व होता है। ऐसे समय में हमें इस अनोखे और अद्भुत संविधान के निर्माताओं के अमूल्य योगदान को स्मरण करना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मौलाना आज़ाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल- इन सभी महापुरूÂाों का संविधान निर्माण में सराहनीय योगदान के लिए मैं नमन करता हूँ। गौरवशाली इतिहास और संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले, सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर को मैं उनकी 125वीं जयंत पर श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ।

प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर ने अथक परिश्रम से अपने खराब स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए संविधान के निर्माण में जो भूमिका निभाई, उसके लिए यह देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

डॉ. अंबेडकर द्वारा किए गए महान कार्य के लिए संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था- ""प्रारूप समिति और इसके सभापति डॉ. अंबेडकर ने अस्वस्थ रहते हुए भी बहुत उत्साह और लगन के साथ कार्य किया। हमने डॉ. अंबेडकर को प्रारूप समिति में लेने और इसका सभापति बनाने का जो निर्णय लिया था, हम उससे बेहतर और ज्यादा सही निर्णय नहीं ले सकते थे। इन्होंने न केवल अपने चुने जाने को सार्थक बनाया अपितु जो काम इन्होंने किया है, उसे चार चांद लगा दिये हैं।""

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश के लिए एक ऐसे संविधान की रचना करना जो कि सबको सर्वमान्य हो, अत्यंत ही कठिन और दुÂकर कार्य रहा होगा। परंतु हमारे संविधान निर्माता हर कसौटी पर खरे उतरे। हालांकि पिछले 65 वÂाों में 100 से अधिक संविधान संशोधन किये गये, कुल मिलाकर संविधान हमारी आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरा है। इस बीच आपातकाल जैसे अपवाद भी हुए, परंतु ये संविधान की खामियों की वजह से नहीं बल्कि व्यक्ति विशेÂा की कारगुजारियों का परिणाम था।

भारत का संविधान निश्चित रूप से एक अनुपम दस्तावेज है। विशेÂाताओं का ऐसा समागम, शायद ही दुनिया में किसी देश के संविधान में दिखाई दे। भारत एक संपूर्ण, प्रभुतासंपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां सभी जाति, धर्म, वर्ण और वर्ग के लोगों को समान अधिकार और अवसर प्रदान किया गया है।

यहां पर मैं माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी द्वारा कल की गई एक बात से अहसमति प्रकट करता हूं। गृहमंत्री जी ने कहा था कि भारत में सेक्युलर शब्द का दुरूपयोग किया जाता है तथा इसकी समीक्षा होनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूँ कि दुरूपयोग तो किसी भी चीज का किया जा सकता है और बहुत सी चीज़ों का होता भी है। एक शब्द का ही क्यों? लोग अपने पद, ओहदे, पैसे, ताकत- किसी भी चीज का दुरूपयोग कर सकते हैं। यह एक नज़रिया भी हो सकता है। जो चीज आपको दुरूपयोग लग रही है, हो सकती है वे किसी की जरूरत हो। यह किसी भी व्यक्ति और पार्टी के विवेक और सोच का विÂाय है। यह कहना कि शब्द का दुरूपयोग हो रहा है तथा उसको उद्देशिका से हटा देना चाहिए, बिल्कुल तर्कसंगत नहीं है।

सेक्युलर शब्द इस देश के अल्पसंख्यकों को जहां अधिकार प्रदान करता है, वहीं बहुसंख्यकों को चेताता है कि यह देश सभी धर्म और जातियों का है तथा इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। स्वयं डॉ. अंबेडकर ने धर्म निरपेक्षता की व्याख्या करते हुए कहा था कि-""धर्मनिरपेक्ष राज्य का यह अर्थ नहीं है कि हम लोगों की धार्मिक भावनाओं की ओर ध्यान नहीं देंगे। इसका अर्थ केवल इतना है कि यह संसद, देश के लोगों पर कोई विशेÂा धर्म लादने का अधिकार नहीं रखती है। यहीं एक परिसीमा संविधान स्वीकार करती है।""

Kindly excuse me in saying that certain statements from the leaders of the ruling party is like adding fuel to fire. How sorrowful is that almost all the institutions of our country which is bound to nourish the composite culture is now communalized with an ill-motivated political agenda.

There are many issues to be sorted out by us as one body and one soul. But our precious time is wasting for discussing the matters like beef controversy. May I ask you? What is the meaning in deciding the food habit of a family by somebody else other than the family Members? External forces are now dictating on us that music we should hear, what kind of book we must read, whose film we must watch and which country should be allowed to participate in sports in our country, and what type of dressing we must have, it is funny.

Education is the key sector in building the secular India. It is our duty to shape the destiny of our country through the whole-hearted cooperation of all of us, I mean the entire country. Let us dedicate ourselves in protecting secular democratic principles of our nation. Let us pledge ourselves that we will translate all the great ideas of our forefathers and founders - Gandhiji, Panditji and Dr. Ambedkar -into action.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Madam, please give two minutes to Prof. Sugata Bose.

HON. SPEAKER: As a historian, he cannot finish in two minutes. He will be given chance some other time. Now, he is on his legs.

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अगली बार मौका देंगे। I am sorry.

...(*Interruptions*)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय : आप बहुत मुश्किल में पड़ जाएंगे।...(व्यवधान) यह आपको याद रखना होगा।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सुदीप जी, प्लीज ऐसे मत करो।

â€¦(व्यवधान)

श्री एम. वैंकैय्या नायडू: आप माननीय प्रधानमंत्री के साथ ऐसे करेंगे?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बहुत सारे लोग हैं, बहुत सारे लोगों को बोलना है। आपकी पार्टी को भी समय दिया गया था। प्लीज़, आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Mr. Sudip Bandyopadhyay, two Members from your Party have spoken. How can you say your Party is neglected? आपने बोला, कल्याण बाबू ने बोला। आपको समय दिया गया है। ऐसे अच्छा नहीं लगता है।...(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY: It is very unfortunate. It is disgraceful. You are the Leader of the House. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I am sorry. Nothing will go on record like this.

...(*Interruptions*)â€¦ □

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, आपने इस महत्वपूर्ण चर्चा का आरंभ किया। आपने पूरे राÂट्र के सामने उत्तम विचारों के साथ संविधान का माहात्म्य, संविधान की उपयोगिता और संविधान निर्माण के पीछे राÂट्र के महापुरुÂ०ा०ो की दीर्घ दÂिष्ट को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। आपका भाÂाण संसदीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण प्रेरक दस्तावेज बनेगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। मैं आपको बहुत बधाई देता हूं।

सदन में भी इस कार्यक्रम में जो रुचि दिखाई गई, सबने एक मत से जो समर्थन किया और अपने तरीके से संविधान के माहात्म्य और उसके प्रति प्रतिबद्धता को जिस प्रकार से चर्चा के द्वारा प्रस्तुत किया, मैं इसके लिए सदन के सभी आदरणीय सदस्यों का हृदय से अभिनंदन करता हूं, आभार व्यक्त करता हूं। मैं नहीं मानता हूं, कुछ लोगों की यह गलतफहमी है और शायद पुरानी आदत के कारण चलता होगा, कहीं मैं देख रहा था कि प्रधान मंत्री चर्चा के आखिर में जवाब देंगे। मैं नहीं मानता हूं कि यह चर्चा उस रूप में है। मैं भी इन सभी सदस्यों जैसा एक सदस्य हूं और जैसे सभी माननीय सदस्यों ने अपनी भावना प्रकट की, वैसे ही मैं भी अपने भाव पुÂष्प अर्पित करने के लिए खड़ा हुआ हूं क्योंकि इस चर्चा की प्रिंट वही है। इस चर्चा की स्पिरिट मैं और तू नहीं है। इस चर्चा की स्पिरिट हम है, पूरा सदन है। देश के सब जनप्रतिनिधि हैं और इसलिए आखिरकार इस चर्चा का मूल उद्देश्य भी वही था। यह बात सही है कि 26 जनवरी को हम हमारा गणतंत्र दिवस मनाते हैं लेकिन इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना 26 नवम्बर है। इसको भी उजागर करना उतना ही आवश्यक है और 26 नवम्बर को उजागर करके 26 जनवरी को नीचा दिखाने का प्रयास नहीं है। 26 जनवरी की जो ताकत है, वह 26 नवम्बर में निहित है, यह उजागर करने की आवश्यकता है।

मैं डिटेल में आज स्कूलों के सिलेबस के विÂाय में नहीं जानता हूं। हर राज्य के अपने अपने सिलेबस होते हैं लेकिन हम लोग जब छोटे थे तो नागरिक शास्त्र पढ़ाया जाता था और उसमें थोड़ा सा परिचय हमारे संविधान का आता था लेकिन बाद में जाकर वह करीब-करीब खो जाता था और या तो कोई वकालत के व्यवसाय में जाए या कोई राजनीति में जाए, उन तक ही हमारे संविधान की सारी गतिविधि सीमित होती थी। भारत जैसा देश जो विविधताओं से भरा हुआ देश है, हम सबको बांधने की ताकत संविधान में है, हम सबको बढ़ाने की ताकत संविधान में है और इसलिए समय की मांग है कि हम संविधान की सैंÂिटटी, संविधान की शक्ति और संविधान में निहित बातों से जन-जन को परिचित कराने का एक निरन्तर प्रयास करें। हमें इस प्रÂिया को एक पूरे रिलीजियस भाव से, एक पूरे समर्पित भाव से करना चाहिए।

26 नवम्बर- संविधान दिवस के माध्यम से सरकार की यह सोच है और इसमें धीरे-धीरे सुधार होगा, इवॉल्व भी होगा क्योंकि यह तो प्रारम्भिक विÂाय है। कोई चीज अल्टीमेट नहीं होती है। उसमें निरन्तर विकास होता रहता है। हम इस व्यवस्था को प्रतिवÂाद कैसे आगे बढ़ाएं, हमारा यह कहना नहीं है क्योंकि यह तो इस बार एक विशेÂा पर्व था। बाबा साहब अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती जब देश मना रहा है तो उसके कारण संसद के साथ जोड़कर इस कार्यक्रम की रचना हुई लेकिन भविÂय में इसको लोक सभा तक सीमित नहीं रखना है। इसको जन सभा तक ले जाना है। इस पर व्यापक रूप से सैमीनार हो, डिबेट हो, कम्पीटीशंस हों, हर पीढ़ी के लोग संविधान के संबंध में सोचें, समझें और चर्चा करें। इस संबंध में एक निरन्तर मंथन चलते रहना चाहिए और इसलिए एक छोटे से प्रयास का आरम्भ हो रहा है।

सदन में जिस प्रकार से सबने सकारात्मक भाव व्यक्त किये हैं, उससे लगता है कि इसका माहात्म्य है और आगे चलकर इसको बढ़ाना चाहिए और हम जरूर आगे कोशिश करेंगे, जैसे मेरे मन में विचार आता है कि क्यों न हम पूरे देश में, लगातार भारत के संविधान के संबंध में ऑनलाइन कम्पीटीशंस करें, क्वैश्चंस हों, एससे कम्पीटीशन हो ताकि पूरे देश की एक आदत बने और हमारे स्कूल कॉलेज जुड़ते रहें। स्कूलों के अंदर ऐसी व्यवस्था हो। एक व्यापक रूप से हमारे संविधान की लगातार चर्चा होती रहे, ऐसे कई कार्यक्रमों की रचना आगे चलकर सोची जा सकती है। मैंने यह बात लालकिले से कही थी, एक बार इस सदन में भी कही थी लेकिन शायद कुछ चीजों को समझ कर भूल जाने का भी स्वभाव होता है और कुछ चीजें ऐसे ही भुला दी जाती हैं। मुझे याद नहीं कि इससे पूर्व किसी प्रधानमंत्री ने लालकिले से इस तरह की बात कही हो, अगर कहा हो तो मैं उन्हें नमन करूंगा। मैंने यह कहा था कि इस देश में जितनी सरकारें बनी हैं, उन सभी सरकारों ने, जितने भी प्रधानमंत्री बने हैं, उन सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान से यह देश आगे बढ़ा है। मैंने यह बात लालकिले से कही थी, मैंने इस सदन में भी इस बात को कहा था और मैं आज दोबारा कहता हूं कि यह देश कई लोगों की तपस्या से आगे बढ़ा है, सभी सरकारों के योगदान से आगे बढ़ा है। हाँ, शिकायत यह होती है कि अपेक्षा से कहीं कम हुआ है और लोकतंत्र में शिकायत करने का हक सभी का होता है लेकिन कोई यह नहीं कह सकता है कि पुरानी सरकारों ने कुछ नहीं किया है। यह बात कोई कह भी नहीं सकता है और यह बात मैं आज नहीं कह रहा हूं बल्कि लालकिले से भी मैंने यह बात कही थी और यह मेरा कंविक्शन है। हम यह भी न भूलें कि राजा-महाराजाओं ने, सत्ताधीशों ने देश को नहीं बनाया है। यह देश कोटि-कोटि जनों ने बनाया है, जन-जन ने बनाया है, शूमिकों ने बनाया है, किसानों ने बनाया है, गरीबों ने अपने पसीने से बनाया है, शिक्षकों ने बनाया है, आचार्यों ने बनाया है। इस देश के लोगों ने सदियों तक लगातार अपनी-अपनी भूमिका निभाते-निभाते देश को बनाया है इसलिए हम सभी का दायित्व होता है कि उन सभी के प्रति अपना ऋण स्वीकार करना और उनको नमन करना। संविधान के अंदर भी सबकी भूमिका रही है। उस समय जिनके नेतृत्व में देश चलता था, उनकी विशेÂा भूमिका रही है और इसलिए इतना उत्तम संविधान हमें जो मिला है, इसकी हम जितनी सराहना करें, उतनी कम है। हम जितना गौरव करें, उतना कम है और अगर संविधान को सरल भाÂाा में मुझे कहना है तो हमारा संविधान डिगनिटी फार इंडिया एंड यूनिटी फार इंडिया, इन दो मूल मंत्रों को साकार करता है - जन-सामान्य की डिगनिटी और देश की एकता, अखंडता बाबा साहब अम्बेडकर की भूमिका को हम कभी भी नकार नहीं सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि बाबा साहब अम्बेडकर की बात करते हैं तो औरों के लिए कोई नाम नहीं होता है लेकिन एक का नाम लेंगे तो दूसरे का नाम रह जाता है। दूसरे का नाम लेंगे तो तीसरे का नाम रह जाता है। हर एक को लगेगा कि हमारा भी तो योगदान था और कुछ लोगों ने तो जीवन में इतनी ऊंचाइयां पाई हैं कि कोई उनका नाम ले या न ले, उनके नाम की कभी कमी नहीं हो सकती है, कोई उनके नाम को मिटा नहीं सकता है। हमें इतना विश्वास होना चाहिए और इसलिए इस विश्वास को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है क्योंकि यह देश अनेक महापुरुÂ०ा०ो के कारण बना है और उसका अपना महत्व है। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा। मैं आज संविधान के कार्यक्रम की कल्पना लाया हूं यह पहली बार नहीं है।

मैं एक राज्य में मुख्यमंत्री था और वÂाü 2009 में जब संविधान के 60 वÂाü हुए तो हमने राज्य सरकार की तरफ से हाथी के ऊपर बैठने की पूरी व्यवस्था बनाकर उसमें संविधान को सुशोभित करके रखा था। उसकी यात्रा निकाली थी और संविधान के माहात्म्य के बारे में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं हाथी के आगे पैदल चलता था। संविधान के 60 साल को हमने उस प्रकार से गुजरात की धरती पर मनाया था क्योंकि मैं उस समय वहाँ का मुख्यमंत्री था। इसलिए संविधान के मूल्य को हम स्वीकार करते हैं। हम आज सोचें, इस सदन में, हम इतने सारे लोग जनप्रतिनिधि बनकर आये हैं, अगर हमें एक काम दिया जाए कि जो मूल संविधान की प्रति है, उसकी धाराएँ नहीं हैं, उसमें जो ड्राइंग्स हैं, पेंटिंग्स हैं, सिर्फ उसको सिलेक्ट करने का काम दिया जाए तो आज की हमारी चुनावी दल-भक्ति इतनी तीव्र हो चुकी है कि मैं नहीं मानता हूँ, संविधान छोड़िए, उसके अंदर जो चित्र हैं, उसको भी सहमति से स्वीकार कर पाएँगे। हर चित्र के खिलाफ ऑब्जेक्शन आएगा, उसके कलर के खिलाफ ऑब्जेक्शन आएगा। इस मनःस्थिति में हम पहुंचे हैं। तब हमें लगता है कि उन महापुरुÂ०ा०ो ने कितना बड़ा काम किया होगा कि संविधान तीन साल के भीतर बना दिया। बहुत-से देशों का संविधान बनाना शायद उतना मुश्किल नहीं होगा। भारत जैसे देश का संविधान बनाना बहुत बड़ा काम है। जिस देश में, विश्व के जीवित 12 धर्म हैं, वे यहाँ श्रद्धापूर्वक मनाये जाते हों, जिस देश में अलग-अलग मूलों से निकली हुई 122 भाÂाएँ हों, जिस देश में 1600 से ज्यादा बोलियाँ हों, हरेक की अलग प्रायरिटी हो, जहाँ ईश्वर में विश्वास करने वाले भी हों और ईश्वर को नकारने वाले लोग भी हों, जहाँ प्रकृति की पूजा करने वाले भी हों और पत्थर में परमात्मा को देखने वाले भी लोग हों, ऐसी विविधताओं से भरा है यह देश। वहाँ के लोगों के ऐसपिरेशंस क्या होंगे? उनकी आकांक्षाएँ क्या होंगी? उसे बैठकर, सोचकर बनाना, आज भी हम एकाध कानून बनाते हैं, तो दूसरे सत्र में ही उसे ठीक करना पड़ता है कि उसमें एक शब्द रह गया था, उसे वापस लाना पड़ता है। यह सदन का हमारा अनुभव है। हम भी एक परफेक्ट कानून नहीं बना पा रहे हैं, यह हकीकत है। उसमें हमारी कमियाँ रहती हैं और दूसरे सत्र में आना पड़ता है और कहना पड़ता है कि एक शब्द गलत हो गया था, इसे ठीक करना पड़ेगा।

संविधान निर्माताओं ने कितनी तपस्या की होगी। वह कौन-सी उनकी मन की अवस्था होगी कि जो चीजें निकलकर आयीं, वह आज भी हमारे लिए मार्ग-दर्शक हैं। इसलिए इस गौरव-गान को हमारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना, उनको इससे परिचित करवाना, इन चीजों को उनको जानने के लिए कहना, यह हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। सदन के अंदर ही संविधान सीमित हो जाए या सरकार को चलाने का एक डॉक्युमेंट बन जाए, तो मैं समझता हूँ कि जो लोकतंत्र की जड़ों को सिंचित करने का हमारा प्रयास है, उसमें कमी रहेगी। इसलिए भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए संविधान की भावना और संविधान के सामर्थ्य को जन-जन तक परिचित करवाना हमारा दायित्व बनता है और मैं मानता हूँ कि इसमें जिन-जिन महापुरुÂ०ा०ो ने योगदान किया है, उन सबका उल्लेख करते हुए हमें इस बात को करना होगा।

जब हमारा संविधान-निर्माण हुआ, तब संविधान सभा के प्रोविज़नल चेयरमैन डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा जी ने एक बात कही थी, उसका मैं उल्लेख करना चाहता हूँ। अपने उद्घाटन भाÂाण में उन्होंने

अमेरिकी संविधान के बारे में कोट किया था, उन्होंने जोसेफ स्टोरी के शब्दों का उल्लेख किया था।

जोसेफ स्टोरी ने कहा था:

> "The Constitution has been reared for immortality, if the work of man may justly aspire to such a title."

संविधान अमर रहने के लिए बनाया गया है, मनुÂय के द्वारा कभी कोई चीज अमर हो नही सकती, लेकिन संविधान अमर हो सकता है। यह बात कही। मनुÂय कभी यह नहीं कर सकता, लेकिन किया था। बाबा साहब अम्बेडकर की विज़ेÂाता की ओर हम नजर करते हैं, दीर्घटÂटा और महापुरूÂा कैसे होते हैं, इसका एक उदाहरण है कि अगर किसी को सरकार पर प्रहार करना है तो भी कोटेशन बाबा साहब का काम आता है, अगर किसी को अपने बचाव के लिए उपयोग करना है तो भी कोटेशन बाबा साहब का काम आता है, किसी को अगर अपनी न्यूट्रल बात बतानी है तो भी कोटेशन बाबा साहब का काम आता है। इसका मतलब है कि उस महापुरूÂा में कितनी दीर्घटÂि थी, कितना विज़न था, कितने व्यापक फलक पर उन्होंने अपने विचारों को व्यक्त किया था कि आज भी विरोध करने के लिए वे मार्गदर्शक हैं, शासन चलाने वाले के लिए भी मार्गदर्शक हैं, न्यूट्रल मूकदर्शक बैठे हुए लोगों के लिए, तौलने के लिए भी मार्गदर्शक हैं। यह अपने आप में बड़ा अजूबा है, वरना विचार तो कई होते हैं, हर विचार एक ही खेमे के काम आते हैं, सब खेमों के काम नहीं आते। एक ही कालखण्ड के लिए काम आते हैं, सब कालखण्ड के लिए काम नहीं आते हैं। बाबा साहब की यह विज़ेÂाता रही है कि उनके विचार हर कालखण्ड के लिए, हर पीढ़ी के लिए, हर तबके के लिए उपकारक हो रहे हैं, मतलब उन विचारों में ताकत थी, एक तपस्या का अर्क था, जो राÂट्र को समर्पित था और 100 साल के बाद का भी देश कैसा हो सकता है, यह देखने का सामर्थ्य होता है, तब जाकर इस प्रकार की बात निकल पाती है। इसलिए सहज रूप से उस महापुरूÂा को नमन करने का मन होना बहुत स्वाभाविक है।

जब मैं इस संविधान के संबंध में सोचता हूं, कभी-कभी हम लोगों को लगता है कि यह ऐसा डाक्यूमेंट है, जिसमें धाराएं हैं, जिन धाराओं से हमें क्या करना है, क्या नहीं करना, उसका रास्ता मिलता है - सरकार कैसे चलानी है, कैसे नियम रहें, संसद कैसे चलानी है, क्या करना है। ग्रानविल ऑस्टिन ने भारत के संविधान का वर्णन करते हुए जो कहा, मैं समझता हूं बड़ा इंट्रेस्टिंग है। उन्होंने कहा - यह एक सामाजिक दस्तावेज है, वरना संविधान एक कानून दस्तावेज होता है। अगर संविधान बनाने में बाबा साहब अम्बेडकर न होते, मुझे क्षमा करें, मैं किसी की आलोचना नहीं कर रहा, तो शायद हमारा संविधान देश चलाने के लिए, शासन चलाने के लिए उत्तम हो सकता था, लेकिन वह संविधान सामाजिक दस्तावेज बनने से शायद चूक जाता। यह सामाजिक दस्तावेज इसलिए बना है कि बाबा साहब अम्बेडकर का दर्द, उनकी पीड़ा, उन्होंने जो झेला था, उन यातनाओं का अर्क उसमें शब्द बनकर निकल रहा था, तब जाकर संविधान का निर्माण हुआ था और तब जाकर एक विदेशी व्यक्ति ने कहा था कि यह सामाजिक दस्तावेज है। इसलिए इसे वैधानिक दस्तावेज न मानते हुए, इसे सामाजिक दस्तावेज कहा है। कभी-कभी मुझे लगता है, हम भी जानते हैं, हम सब मनुÂय हैं, कमियां हम सब में हैं और एकाध गलत चीज हो जाए तो लम्बे अर्से तक दिमाग में से जाती नहीं है। किसी ने एक शब्द बोल दिया हो तो चुभता रहता है, जब वह सामने मिलता है, वह नहीं दिखता है, उसका वह शब्द याद आता है। यह हम लोगों का स्वभाव है। आप कल्पना कर सकते हैं कि एक दलित मां का बेटा, जन्म से जीवन तक सिर्फ यातनाएं झेली, अपमानित होता रहा, उपेक्षित होता रहा, डगर-डगर उनको सहना पड़ा, उसी व्यक्ति के हाथ में जब देश के भविÂय का दस्तावेज बनाने का अवसर आया, अगर वह हम जैसा मनुÂय होता तो पूरी संभावना होती कि वह कटुता, वह जहर कहीं न कहीं प्रकट होता, बदले की कहीं आग निकल आती, कहीं भाव निकल आता। लेकिन यह बाबा साहब अम्बेडकर की ऊंचाई थी कि जीवनभर झेला, लेकिन संविधान में कहीं पर वह बदले का भाव नहीं है। यह उनकी महानता है, उस व्यक्तित्व की ऊंचाई है, जिसके कारण यह सम्भव हो पाया। वरना हम सब जानते हैं और हमें मालूम है कि एक शब्द भी ऐसा चुभ जाता है कि वह निकलता नहीं है। जीवन में कितनी ऊंचाई होगी, भीतर की सोच कितनी मजबूत होगी कि उस महापुरुÂा ने उस सारे जहर को पी लिया और हमारे लिए अमृत छोड़कर गए। उस महापुरुÂा के लिए मुझे संस्कृत का एकपद याद आता है-

"स्वभावम् न जहां त्येवः साधुरा आपत् गतो पीसन। कर्पूरः पावक स्पर्शः सौरभं लभते तराम्।"

ये बात बाबा साहेब के लिए एकदम से सटीक बैठती है। इसका मतलब है:- साधु की सच्ची परीक्षा कठिन परिस्थितियों में ही होती है, जैसे कपूर को आग के पास लाने पर उसके जलने का डर नहीं रहता, वह खुद जल कर अपनी सुरभि से सब को मोहित करता है। यह बाबा साहब अम्बेडकर थे। अपने साथ इतनी कठिनाइयां हुई, इतनी यातनाएं झेलीं, उसके बावजूद भी हमारे पूरे संविधान में कहीं पर भी बदले का भाव नहीं है, सब को जोड़ने का प्रयास है, सब को समाहित करने का प्रयास है। इसलिए बाबा साहब को विज़ेÂा नमन करने का मन होना स्वाभाविक है।

25 नवम्बर, 1949 को बाबा साहब अम्बेडकर ने स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने में और स्वतंत्र भारत में नागरिकों को कैसा व्यवहार करना चाहिए, इस पर एक भाÂाण उन्होंने किया। उन्होंने कहा-

> "If we wish to maintain democracy not merely in form but also in fact, what must we do? The first thing in my judgment we must do is hold fast to constitutional methods of achieving our social and economic objective. Where constitutional methods are open, there can be no justification for these unconstitutional methods. These methods are nothing but the grammar of anarchy and the sooner they are abandoned, the better for us."

> ""यदि हम लोकतंत्र को एक रूप में ही नहीं बल्कि सच में बनाए रखना चाहते हैं तो हमें क्या करना चाहिए। मेरे विचार में पहली चीज जो हमें करनी चाहिए, वह है कि अपने सामाजिक और आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संवैधानिक तरीकों का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जहां संवैधानिक तरीके खुले हैं, वहां इन असंवैधानिक तरीकों का कोई औचित्य नहीं हो सकता। ये तरीके कुछ नहीं, बल्कि अराजकता है और उन्हें शीघ्र ही छोड़ना हमारे लिए बेहतर होगा।""

मैं समझता हूं हम सब लोकतंत्र की परिपाटी से पले-बढ़े लोग हैं। हमारे लिए यह do's and don't's की दÂि से उतना ही महत्वपूर्ण है। जिस दिन पंडित नेहरू ने संविधान सभा में एक प्रारूप रखा,यानी उनका उद्देश्यपरक प्रस्ताव था और उनका समर्थन हमारे पूर्व राÂट्रपति, डा.राधाकृÂणन जी ने किया था और उसमें उन्होंने एक बहुत ही अच्छी बात पंडित नेहरू के समर्थन में और उस प्रस्ताव के समर्थन में कही थी। उन्होंने कहा था - धर्मम् क्षत्रस्य क्षत्रम्। धर्म सत्य राजाओं में भी सर्वोपरि है। यह लोगों और शासक दोनों का शासक है, यह कानून की संप्रभुता है, जिसका हमने दावा किया है। यहां धर्म यानी रीचुअल्स की बात नहीं है, संविधान की बात है और उसमें उन्होंने बहुत ही उचित ढंग से हमारा मार्गदर्शन किया है।

उसी प्रकार से प्रारूप समिति के अध्यक्ष के नाते डा.बाबा साहब अम्बेडकर ने अनुच्छेद 368 के संबंध में जो बात कही है, जो व्याख्या उन्होंने की है, क्योंकि आज विÂाायों में छोटी-मोटी सुगबुगाहट हम सुनते रहते हैं और इसलिए इस बात को समझना ज्यादा आवश्यक है। He has said:

> "The Constitution is a fundamental document. It is a document which defines the positions and powers of the three organs of the State – the Executive, the Judiciary and the Legislature. It also defines the powers of the Executive and the powers of the Legislature as against the citizens as we have done in our chapter dealing with Fundamental Rights. In fact the purpose of a Constitution is not merely to create the organs of the State but to limit their authority because if no limitation was imposed upon the authority of organs, there will be complete tyranny and complete oppression. The Legislature may be free to frame any law, the Executive may be free to take any decision, and the Supreme Court may be free to give any interpretation of the law. It would result in utter chaos."

"संविधान आधारभूत दस्तावेज है, यह वह दस्तावेज है, जो राज्यों के तीनों अंगों कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका की स्थिति और शक्तियों को परिभाÂिात करता है। यह कार्यपालिका की शक्तियों और विधायिका की शक्तियों को नागरिकों के प्रति भी परिभाÂिात करता है, जैसा कि हमने मौलिक अधिकारों के अध्याय में किया है। वस्तुत: संविधान का उद्देश्य राज्यों के अंगों का मात्र सृजन करना नहीं है, बल्कि उसके प्राधिकार को सीमित करना है, क्योंकि यदि अंग के प्राधिकार पर कोई सीमा नहीं लगाई जाती तो वह पूर्ण निरंकुशता और पूर्ण दमन होगा। विधायिका किसी भी कानून को बनाने के लिए स्वतंत्र हो, कार्यपालिका कोई भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हो तथा सर्वोच्च न्यायालय कानून की कैसी भी व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र हो तो इसकी परिणति अराजकता में होगी।" बाबा साहब अम्बेडकर ने पूरी ताकत के साथ अपनी इस बात को कहा था। इसी बात को आगे भारत के पूर्व मुख्य न्यायधीश, न्यायमूर्ति गजेन्द्र गडकर, उन्होंने विधि आयोग के अध्यक्ष के नाते जो 46वीं रिपोर्ट दी, उसमें एक महत्वपूर्ण बात कही है -

> "The Commission believes that in a democratic country like India which is governed by a written Constitution, supremacy can be legitimately claimed only by the Constitution. It is the Constitution which is paramount, which is the law of laws, which confers on Parliament and the State Legislatures and the Executive and the Judiciary their respective powers, assigns to them their respective functions and prescribes limitations within which the said powers and functions can be legitimately discharged."

गजेंद्र गड़कर कहते हैं कि ""आयोग विश्वास करता है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जो कि लिखित संविधान द्वारा अभिशासित है, वहां सर्वोच्चता का दावा केवल संविधान द्वारा ही कानूनी रूप से किया जा सकता है। यह संविधान ही है, जो सर्वोच्च है, जो कि कानूनों का कानून है। जो संविधान राज्य विधायिकाओं, कार्यपालिकाओं और न्यायपालिका को उनकी शक्तियां प्रदान करता है, उनके संबंधित कार्य देता है तथा उन सीमाओं को विहित करता है, जिसमें उक्त शक्तियों का कानूनी रूप से अपने कार्यों में निÂपादन कर सकती है।"" यानि हमारा संविधान इतना स्पÂट है, सटीक है और इसलिए यह हमारा दायित्व बनता है कि हम इन सारी बातों को बार-बार उजागर करें और उजागर कर के हम उसको कैसे आगे बढ़ाएं। इसकी दिशा में हमारा प्रयास रहना चाहिए। हमारे लिए आज संविधान और अधिक महतवपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि भारत विविधताओं से भरा देश है। अलग-अलग जगहों पर, अलग-अलग प्रकार के एसपिरेशंस भी हैं। हमारा दायित्व है और आज जब हम इस लोकतंत्र के मंदिर में एकत्र हुए हैं, वह कौन सा संकल्प है, जो हमें एकजुट रखता है और कौन सा संकल्प है, जो हमें आगे बढ़ाता है।

बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने कहा है और इस बात की चर्चा यहां पहले हो चुकी है ः-

> " I feel, however good a Constitution may be, it is sure to turn out bad because those who are called to work it, happen to be a bad lot. However bad a Constitution may be, it may turn out to be good if those who are called to work it, happen to be a good lot. The working of a Constitution does not depend wholly upon the nature of the Constitution."

""मैं महसूस करता हूँ कि एक संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो या बुरा हो सकता है, क्योंकि जिन्हें इसे कार्यान्वित करने के लिए कहा जाता है, वह एक अपात्र समूह भी हो सकता है। तथापि एक संविधान चाहे कितना भी खराब क्यों न हो वह अच्छा साबित हो सकता है, यदि जिन्हें इसे कार्यान्वित करने के लिए दिया गया है, वे एक अच्छा समूह हो। संविधान का काम करना, संविधान की प्रकृति पर ही पूरा निर्भर नहीं होता।"" कल मैडम सोनिया जी ने भी इस बात का जिक्र किया था। आज भी राज्य सभा में इस बात का जिक्र हुआ है और इसलिए संविधान की सैंक्टिटी हम सबका दायित्व है, यह हम सबकी जिम्मेवारी है और यह ठीक है कि आखिरी चीज़, अल्पमत-बहुमत से बनती है। लेकिन हम यह न भूलें कि लोकतंत्र में ज्यादा ताकत तब आती है, जब हम सहमति के रास्ते पर चलते हैं। हम सहमति और समझौते के प्रयास करते हैं, लेकिन जब सारे प्रयास विफल हो जाते हैं तब आखिरी रास्ता होता है, अल्पमत और बहुमत का। इस सदन में एक तरफ ज्यादा लोग हैं, इसलिए उनको यह अधिकार नहीं मिल जाता है कि जो चाहे वे चीजें थोप दें। इसलिए सहमति का हमारा रास्ता होना चाहिए। समझौते का रास्ता होना चाहिए। हर किसी का साथ और सहयोग मिलना चाहिए। कुछ नहीं बनता है, सारी बातें विफल हो जाती हैं, तो फिर अंतिम मामला बनता है, वह अंतिम है, जबकि बहुमत और अल्पमत के तराजू से तोला जाए। इस भावना को हमें आगे बढ़ाना होगा और इसलिए संविधान की इस भावना को चलाना है।

मुझे आज भी याद है, जब अटल बिहारी वाजपयी जी की सरकार थी, तब इस सदन में बहुमत की परीक्षा हो रही था। जब बहुमत की परीक्षा हो रही थी, तब नैक टू नैक मामला था। ओडिसा के मुख्यमंत्री श्रीमान गिरधर जी लोक सभा के सदस्य थे। वे असेम्बली में जीत गए थे, मुख्यमंत्री बन गए थे, लेकिन अभी इस्तीफा नहीं दिया था, 15 दिन का समय होता है और इसी समय वाजपेयी जी को अपना बहुमत सिद्ध करने की नौबत आई। उस समय देश में विवाद था कि वे क्या करेंगे, सदन में आएंगे, क्या करेंगे और स्पीकर महोदय ने भी उनको कहा कि ठीक है आप आए हैं, लेकिन अपनी अन्तर-आत्मा को पूछकर जो करना है, वह करिए। उन्होंने ऐसा कहा था। बाद में उन्होंने अटल जी की सरकार के खिलाफ वोट किया और एक वोट से अटल जी की सरकार हार गई थी। एक वोट से सरकार हार गई थी। संविधान उच्च हाथों में होता है तब किस प्रकार का व्यवहार होता है और कभी गलती होती है तो कैसा होता है, इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकता है। मैं मानता हूँ कि अटल जी का उस दिन का भाÂाण और जिस ऊँचाई से उन्होंने अपनी सत्ता को छोड़ा था, उसको हम कभी भी भूल नहीं सकते हैं कि क्या लोकतंत्र की ऊँचाई को उन्होंने स्वीकार किया था।

हमारे देश इतने हजारों साल का देश है, कमियाँ हमारे में आती हैं, कभी-कभी बुराइयाँ भी प्रवेश कर जाती हैं, लेकिन हमारी कुछ हस्ती नहीं मिटती, यह जो हम बात बताते हैं, उसकी मूल ताकत क्या है, मूल ताकत यह है कि हजारों साल पुराना यह समाज है, इसमें एक ऑटो पायलट प्यूरिफिकेशन अरेंजमेंट है। हमने देखा होगा बुराइयाँ हमारे समाज में नहीं आई, ऐसा नहीं है, बुराइयाँ आई हैं, कभी-कभी बुराइयों ने जड़ें जमा दी हैं, लेकिन उसी समाज में से लोग पैदा हुए हैं, जिन्होंने बुराइयों को खत्म करने के लिए जिन्दगी खपा दी है। समाज के विरोध के बाद भी वे लड़े हैं और समाज की एकता और अखण्डता के लिए उन्होंने प्रयास किया है। समाज में समयानुकूल वे बदलाव लाए हैं। हमारे देश में धार्मिक परम्पराओं के रहते समाज ऐसा जकड़ गया था, पुरोहितों का ऐसा बड़ा तांडव चल रहा था, समाज एक प्रकार से विचित्र परिस्थिति में था। तभी तो इस देश में भक्ति युग आया। चैतन्य महाप्रभु कहो, मीराबाई कहो, नरसी मेहता कहो, कितने लोग आए जिन्होंने इस चंगुल से देश को बाहर निकाला। यह तो समाज था, जो कभी सती प्रथा में गर्व करता था, लेकिन राजा राम मनोहर राय पैदा होते हैं, समाज के विरोध में आदमी खड़े हो जाते हैं कि यह सती प्रथा पाप है, यह विधवा दहन है, यह कभी देश में चल नहीं सकता। समाज में बदलाव स्वीकार हो जाता है। कोई ईश्वर चन्दू विद्यासागर पैदा होते हैं। जब एक महिला विधवा हो जाती है तो उस युग में उसको जीवन भर यातनाएं झेलनी पड़ती थीं। आज भी कभी-कभी संकट कुछ समाजों में देखा जाता है। वे दिन कैसे होंगे, जब विद्यासागर जी ने बीड़ा उठाया होगा और उन्होंने कहा होगा कि विधवा का पुनः लग्न होना चाहिए, बच्चियों को पढ़ाना चाहिए। जब समाज में दलित, पीड़ित, शोÂिात, वंचित, गरीब, उनकी बेरहमी की अवस्था थी तब दलित, पीड़ित, शोÂिात के लिए कोई ज्योतिबा फुले, कोई बाबा साहब अम्बेडकर मैदान में आते हैं। छुआछूत का काल था, कोई नरसी मेहता, कोई महात्मा गाँधी उस कालखण्ड में निकल पड़ते हैं, राजनीति को बाजू छोड़कर छुआछूत को खत्म करने के लिए जीवन खपा देते हैं। यही तो समाज है, जब भ्रÂाचार चरम सीमा पर होता है तो कोई जय प्रकाश नारायण निकल पड़ते हैं और अपने आपको खपा देते हैं। इस देश में समाज के अन्दर बुराइयाँ जब भी आई हैं, ऐसा तो नहीं है कि बुराइयाँ नहीं आई हैं, लेकिन हर बुराई के समय हमारे अन्दर ही एक व्यवस्था है, एक ऑटो पायलट अरेंजमेंट है, जहाँ से हर कालखण्ड में कोई न कोई महापुरूÂाष आता है, जो समाज को दिशा दिखाता है और समाज को बचा लेता है। यही तो हमारी ताकत है। आज संविधान हमारे लिए मार्गदर्शन है, लेकिन किसी जमाने में तो वह भी नहीं था, तब भी समाज में लोग मिलते थे और जब आज हमें संविधान का सहारा है, हम कितना कर सकते हैं। हम उस बिरादरी के लोग हैं, जिसकी साख को बहुत बड़ी चोट लगी है।

आजादी के आन्दोलन में देश के लिए निकलने वाले लोगों को समाज बड़े गर्व के साथ देखता था। उनके परिवार के प्रति भी बड़े गौरव से देखता था, लेकिन चाहें या न चाहें यह हकीकत है कि कुछ न कुछ ऐसे कारण हैं कि राजनीतिक बिरादरी की साख कम हुई है। समाज का उनकी तरफ देखने का रवैया बदला है। नेता हैं - नमस्ते। यह है। यह हम लोगों के लिए चुनौती है कि हम अपने आचरण से, व्यवहार से फिर से एक बार, क्योंकि यह एक ऐसा इंस्टीट्यूशन है जो लोकतंत्र का अनिवार्य अंग है, इसकी प्रतिÂठा कैसे बढ़े, इसकी ताकत कैसे बढ़े। इतनी बदनामी होने के बावजूद भी समाज लगातार हमको कोसता रहता है कि हम राजनेता हैं यानी सब बुरे हैं, राजनीतिक कार्यकर्ता सब बुरे हैं, हर प्रकार के पाप हमारे में पड़े हैं, यह सब हम दिन-रात सुनते हैं लेकिन मैं देश को कहना चाहता हूँ कि इन्हीं राजनेताओं ने इसी सदन में बैठकर अपने पर बंधन लगाने के निर्णय किये हैं। आप देखिए कि हम जब चुनाव लड़ते हैं तो इलैक्शन कमीशन का फॉर्म भरते हैं। उसमें हम खुद लिखते हैं कि मेरे पर इतने गुनाह हैं। हम खुद लिखते हैं कि मेरे पास इतनी चल-अचल संपति है। यह कोई हम पर थोपा हुआ विÂाय नहीं था। सरकार किसकी थी, यह मेरा विÂाय नहीं है। इसी सदन में बैठे हुए सांसदों और इन्हीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने यह आत्मसंयम स्वीकार किया, उन्होंने बदलाव किया।

इतना ही नहीं, यह चिन्ता रही कि चुनावों में खर्चा ज्यादा होता है, काले धन का उपयोग होता है, कम होना चाहिए। यही राजनेता हैं, उन्होंने इलैक्शन कमीशन के साथ सर्वसम्मति से मत बनाया

कि हम अकाउंटिंग सिस्टम करेंगे। इतना ही नहीं, इलैक्शन कमीशन को डेली अकाउंट दो। जितने बंधन आते जाते हैं, राजनीतिक दल स्वीकार करते जाते हैं। क्यों? क्योंकि उनको भी लगता है, राजनेता संवेदनशील है, किसी भी दल का हो, किसी भी परंपरा से आया हुआ हो, लेकिन उन्होंने संवेदनशीलता के साथ राÂट्र के कल्याण के लिए ज़िम्मेदारियाँ निभाई हैं।

हमारे यहाँ एक समय आया जब मंत्रियों की संख्या बढ़ने लगी, राजनीतिक दबाव बढ़ने लगे, संतुलन बिठाने की मुसीबत आने लगी तो यही राजनेता और संसद के अंदर बैठे हुए राजनीतिक दलों ने मिलकर तय किया कि हम कोटा सिस्टम करेंगे, इतने परसेंट से ज्यादा मिनिस्टर नहीं हो सकते। हमने पालन किया, हमने अपने पर बंधन लगाए। मैं मानता हूँ कि लोकतंत्रीय व्यवस्था की आवश्यकता है जिस प्रकार से पोलिटिकल फील्ड के लोग अपने पर बंधन लगा रहे हैं, समय समय पर जब भी ज़रूरत पड़ी, कभी देर होती होगी। आप देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय कर लिया कि इतनी सज़ा के बाद आप चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। संसद कानून बना सकती थी, कानून बनाकर छुटकारा ले सकती थी, लेकिन यही संसद है, यही राजनेता हैं जिन्होंने अपने पर उस कानून को स्वीकार कर लिया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर सज़ा हुई है तो मैं नहीं आऊँगा। ये वे पहलू हैं जिनके लिए हम गर्व कर सकते हैं। इसलिए राजनीतिक जीवन में होने के बावजूद भी हमने इन मर्यादाओं को स्वीकार किया है और हम उनकी प्रशंसा करते हैं।

इस सदन में एक से बढ़कर एक स्टालवर्ट लोग आकर बैठे हैं और इस सदन की विशेÂाता रही है। मुझे याद है जब मैं पार्टी के संगठन का काम करता था, तो टीवी डीबेटों में जाना होता था और प्राइम टाइम रहता तो उस समय बहुत ही मांग रहती थी। एक बार मैं और गुलाम नबी आज़ाद हम लोग टीवी डीबेट में गए थे। काफी तू-तू मैं-मैं चलती थी, स्वाभाविक था। लेकिन बाद में जब पूरा हुआ तो हम स्टूडियो में मस्ती से चाय वगैरह पी रहे थे। जो पत्रकार थे उनके एक सीनियर व्यक्ति भी थे, मुझे आज याद नहीं है। गुलाम नबी जी ने बड़ी महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि देखो भई, आप भले मानते हों कि हम एक दूसरे के दुश्मन जैसे लगते हैं, लेकिन कभी संसद में आकर देखिए हम कैसे एक फैमिली की तरह बिहेव करते हैं, कितना अपनापन हमारे बीच होता है। यह कोई मोदी नहीं लाया है, पिछले पचास साल से सब तपस्या करके लाए हैं। इसलिए इन महान चीज़ों का गुणगान, इन महान चीज़ों का आदर तथा इसको और पनपाना है। एक समय था इस सदन में तीव्र विरोध हो तो भी सौहार्द बना रहता था।

एक बड़ी ऐतिहासिक बात है कि एक बार राम मनोहर लोहिया जी ने सदन में आँकड़ों के द्वारा पंडित नेहरू को बताया कि आपकी नीतियाँ देश के काम में नहीं आने वालीं, गलत हैं। राम मनोहर लोहिया विपक्ष में थे, जमकर बोले। लेकिन गौरव तो इस बात का था कि पंडित नेहरू खड़े होकर कह रहे हैं कि मैं आपके आँकड़ों को नकार नहीं सकता हूँ। इस देश में यह ऊंचाई थी, पंडित नेहरू ने ऊंचाई दिखाई थी। हमारी सत्यनिÂठा जो बुद्धि है, उसमें हमें अपने साथियों का गौरव करना होगा, संविधान की उस भावना को हम तभी स्वीकार कर पाएंगे, इसलिए यह जो हमारी बौद्धिक सत्यनिÂठा है, हमारे सभी सदस्यों को ईश्वर ने कुछ न कुछ दिया है, उसका आदर-सत्कार करने का भाव हो, यह हमारी सहज प्रकृति बननी चाहिए।

एक बात जो हमारे लिए चिन्ता का विÂाय है, हुआ क्या है कि आजादी के आन्दोलन में जो महापुरुÂाा थे, वे समाज को समय-समय पर दिशा देते थे। उन नेताओं में वह जज्बा था, वे कह सकते थे, यह गलत है, यह मत करो, यह नहीं कर सकते हो। उनमें यह ताकत थी। महात्मा गांधी तो कभी कप्रोमाइज़ करते ही नहीं थे। लेकिन समय रहते हम ऐसी आशित अवस्था में आ गये हैं कि जिस जनता के हम प्रतिनिधि हैं, उनको कुछ कहने का हमारा हौसला नहीं रहा है। ज्यादातर हमारे संविधान में एक ही पहलू उजागर होकर के आया है और वह है राइट। हर ओर मेरा हक क्या है, मेरा अधिकार क्या है, इसी के आसपास देश चल पड़ा है। इस पवित्र अवसर पर मैं इस सदन से प्रार्थना करता हूं, मैं देशवासियों से प्रार्थना करता हूं, समय की मांग है कि हम अधिकारों को जितना बल दें, उतना ही हम अपने कर्त्तव्य पर भी बल दें, ड्यूटी पर बल दें। देश अधिकार और कर्त्तव्य के मिक्स भाव से चल सकता है, वरना देश नहीं चल सकता है। हमारे सरकारी ऑफिसरों को भी किसी काम के लिए पूछोगे तो क्या होता है, सबसे पहला सवाल आता है, अच्छा-अच्छा यह है, इसमें मेरा क्या है? वहीं से शुरू होता है, मेरा क्या और मेरा क्या का जवाब अगर निगेटिव आया तो मुझे क्या। यह जो अवस्था है, मेरा क्या और मेरा कुछ नहीं तो फिर मुझे क्या, जाओ मरो। यह स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं है। हमें कर्तव्यभाव जगाना होगा और तब जाकर के सही तरीके से देश आगे बढ़ेगा।

महात्मा गांधी ने एक बड़ी अच्छी बात कही थी, मुझे अगर कागज मिल जाये तो मैं कहना चाहूंगा। महात्मा गांधी ने बहुत अच्छी बात कही थी और मैं मानता हूं कि हम लोगों के लिए और देश के लिए भी वह याद करने जैसी है। 'आज पूंजीपति और जमींदार अपने अधिकारों की बात करते हैं। दूसरी तरफ मजदूर अपने हितों की, रजवाड़े अपने प्रभुत्व की और किसान उनके इस अधिकार की अवहेलना की। यदि सभी केवल अपने अधिकारों की बातें करें और अपने कर्त्तव्य से मुंह मोड़ लें तो परिणाम अव्यवस्था और अराजकता होगी। यदि सभी अपने अधिकारों के स्थान पर कर्त्तव्यों की बात करेंगे तो शीघ्र ही मानवता में रूल ऑफ ऑर्डर की स्थापना स्वतः हो जायेगी। राजाओं को शासन करने का कोई दैवीय अधिकार नहीं होता और न ही किसानों को कोई फर्ज होता है कि वे अपने आकाओं का हर हुक्म मानें।' ये गांधी जी के शब्द थे और इसलिए जब हम संविधान की चर्चा करते हैं, तब हमारे सामने यह प्रमुख बात रहती है कि हम कर्त्तव्य पर बल कैसे दें। हम कर्त्तव्य के प्रभुत्व की ओर समाज को ले जाने में अपनी कोई भूमिका अदा कर सकते हैं क्या तो हमें वह करनी चाहिए, ऐसा मुझे लगता है। इस बात में संविधान के समापन का जब समय चल रहा था तो राजेन्द्र बाबू ने एक बात कही थी। उन्होंने कहा था 'सभी को आश्वासन देते हैं कि हमारा प्रयास होगा कि हम गरीबी और बदहाली को और इसके साथ ही, अर्थात् भूख और बीमारी को खत्म करें। अन्तर और शोÂाण को समाप्त करें और जीवन की उत्तम दशाएं सुनिश्चित करें। हम एक महान मार्ग पर यात्रा शुरू कर रहे हैं। हमें आशा है कि इस यात्रा में हमें अपने सभी लोगों की उदार सेवा और सहयोग मिलेंगे तथा सभी समुदायों को सहानुभूति तथा समर्थन हासिल होंगे।'

आज के समय में संविधान हमारे पास है। अगर इसके बारे में कोई भ्रम फैलाते होंगे तो गलत है। कभी भी कोई संविधान बदलने के लिए सोच नहीं सकता है। मैं मानूंगा कि अगर कोई ऐसा सोच रहा है तो वह आत्महत्या कर रहा है, क्योंकि उन महापुरुÂाों ने जो सोचा है, आज की अवस्था में वह कोई कर ही नहीं सकता। हमारा तो भला इसमें है कि इसे अच्छे ढंग से कैसे हम गरीब, दलित, पीड़ित-शोÂाित के काम में लाएं। हमारा ध्यान उसमें होना चाहिए।

अगर बाबा साहब अम्बेडकर ने इस आरक्षण की व्यवस्था को बल न दिया होता, तो कोई मुझे बताए कि मेरे दलित, पीड़ित, शोÂाित समाज की हालत क्या होती? परमात्मा ने उसे वह सब दिया है, जो मुझे और आपको दिया है, लेकिन उसे अवसर नहीं मिला और उसके कारण उसकी दुर्दशा है। उन्हें अवसर देना हमारा दायित्व बनता है। उन्हें अवसर देना हम सबका दायित्व बनता है। समाज का इतना बड़ा तबका जब विकास की यात्रा में हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाला, ताकत वाला तबका बनकर खड़ा हो जाए, तो देश कहां से कहां पहुंच जाएगा। कोई भू-भाग पीछे नहीं रहना चाहिए। कोई समाज पीछे नहीं रहना चाहिए। शरीर के एक अंग को अगर लकवा मार गया हो, तो उस शरीर को स्वस्थ नहीं माना जाता है। अगर शरीर का एक अंग भी बीक है, तो यह शरीर कभी स्वस्थ नहीं माना जाता। इस समाजपुरुÂाा का कोई एक अंग भी अगर निर्बल है, तो फिर यह समाज सशक्त नहीं माना जा सकता, यह राÂट्र सशक्त नहीं माना जा सकता। इसलिए राÂट्र का सशक्तीकरण उसमें है कि समाज के सभी अंग सशक्त हों। पुरुÂाा हों, स्त्री हों, इस जाति के हों, उस जाति के हों, इस पंथ के हों, उस पंथ के हों, यह भाÂााा वाले हों, वह भाÂााा वाले हों, अगर वे इस भू-भाग में रहते हैं, तो हमारे लिए यह आवश्यक होता है कि हम सभी के सशक्तीकरण के लिए काम करें। उस काम को हमें पूरा करना है। हमारे सामने बहुत बढ़िया अवसर भी है, चुनौती भी है।

800 मिलियन यूथ जिस देश में हों, उससे बड़ा किसी देश का सौभाग्य क्या हो सकता है? उनको रोज़गार देना है, उनके हाथों में हुनर देना है। भारत का भाग्य बदलने के लिए हमारे पास जो भी बुद्धि, संपदा, ज्ञान, व्यवस्था, संविधान, जो भी है, हम उसका उपयोग करके अपनी शक्ति को कैसे उजागर करें? हमारे देश में आज भी, इतने सालों के बाद भी, हम लोगों की एक चिंता है कि कैसे न्याय सबको मिले, न्याय सहज-सुलभ हो, न्याय त्वरित हो।

लोकतंत्र के जितने पहलू महत्वपूर्ण हैं, उनमें एक महत्वपूर्ण पहलू है- ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम। वह लोकतंत्र को मज़बूती देता है। उसी प्रकार से जस्टिस है। सोशल जस्टिस एक विÂाय है। उसकी तो चिंता करनी ही है, लेकिन इसके साथ-साथ सामान्य मानव के लिए हम लोगों को सोचना पड़ेगा कि उन्हें कैसे न्याय मिले। जैसे लोक अदालतें चलीं। लोक अदालतों ने काफी न्याय प्रदान किया, लेकिन हमें उस दिशा में आगे बढ़ना होगा और बढ़ कर हम प्रयास करें, तो मैं समझता हूं कि काफी काम होगा। ऐसा मुझे लगता है।

बाबा साहब अम्बेडकर ने जो एक महान काम किया, जो आज श्रमिकों के कानों तक नहीं पहुंचता है। खड़गे साहब सही कह रहे थे। पहले कोई नियम नहीं था। श्रमिक कितने घंटे काम करेगा, यह पता तक नहीं था। जब तक हो सके, तब तक वह बेचारा अपने शरीर को खींच कर काम करता था। बाबा साहब अम्बेडकर ने ताकत दिखाई और श्रमिकों के लिए आठ घंटे की समय-सीमा निर्धारित की। कोई महापुरुÂाा एक काम करके जाता है, वह पीढ़ियों तक कितना बड़ा योगदान देता है, इसका यह नमूना है। मैं मानता हूं कि हमारे लिए आवश्यक होता है कि हम चीज़ों को करें।

मैंने जब यह काम लिया, तो हमारे यहां ई.पी.एफ. एकाउंट वाला मज़दूर बेचारा एक ज़गह से दूसरी ज़गह चला जाता था, और उसे पता ही नहीं चलता था कि उसके पैसे कहां गए? उसकी रकम इतनी होती थी कि वह लेने जाता नहीं था और सरकार के पास 27,000 करोड़ रुपए पड़े थे। वह श्रमिकों का पैसा था, उसके पसीने का पैसा था, लेकिन बेचारे की आवाज़ नहीं थी और कोई व्यवस्था भी नहीं थी। हमने आकर उसकी एक पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित की, उसका यू.आई.एन. नम्बर तय कर लिया और उसका परिणाम यह हुआ है कि श्रमिक कहीं पर भी जाएगा, नौकरी छोड़ कर जाएगा, राज्य छोड़ कर जाएगा, गांव छोड़ कर जाएगा, वह जहां भी जाएगा, इस नम्बर के साथ वह एकाउंट भी मूव करेगा।

18.00 hours

उसके पैसे उसके साथ चलते जाएंगे और उसके पैसे का हक कोई उससे छीन नहीं पाएगा। यह काम करने का हमने प्रयास किया है। हमने एलआईएन, लीन नंबर का प्रयास किया है। श्रमिकों के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है। लीन नंबर रखते ही जितनी उसकी चीजें हैं, अपने आप मिल जाती हैं। हमारे देश में ईपीएफओ है, पेंशन मिलती है। जब मैं आया तो मेरे ध्यान में आया कि किसी को सात रूपए पेंशन, किसी को दस रूपए, किसी को बीस रूपए, किसी पच्चीस रूपए और किसी को ढाई सौ रूपए मिलते हैं। बेचारे को आटो रिक्शा भी पोस्ट आफिस तक पेंशन लेने जाने के लिए महंगी पड़ती थी, लेकिन यह चल रहा था। हमने आकर निर्णय किया और मिनिमम पेंशन एक हजार रूपए कर दिया। उनको भी आधार कार्ड से डायरेक्ट बेनेफिट स्कीम में जोड़ दिया। ...(व्यवधान)

इस सदन में एक एक्ट आने वाला है। ...(व्यवधान) इस सदन में महत्वपूर्ण बोनस एक्ट आने वाला है। बोनस एक्ट में इसकी सीमा 3500 से बढ़ाकर 7000 रूपए करने का प्रावधान है। अर्हता को जो उसकी सीमा 10 हजार है, उसको 21 हजार करने के लिए कैबिनेट ने पास किया है और सदन में इस बार यह बड़ा महत्वपूर्ण एक्ट श्रमिकों के लिए आने वाला है। एक के बाद एक ऐसे निर्णय जो हमारे देश के गरीबों की भलाई के लिए काम आएं, उस दिशा में हम काम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

यह बात सही है कि कई बार हम ऐसे विÂायों पर भी चर्चा करते हैं। मैंने पहले भी एक बार इस सदन को कहा था और आज दोबारा कहना चाहता हूं कि सरकार का एक ही धर्म होता है। सरकार का एक ही धर्म होता है, इंडिया फर्स्ट। सरकार का एक ही धर्मग्रंथ होता है, भारत का संविधान। देश संविधान से ही चलेगा, संविधान से ही चलना चाहिए और संविधान की ताकत से ही देश को ताकत मिल सकती है, उसमें किसी भी प्रकार की दुविधा या आशंका का कोई कारण नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : प्रधानमंत्री जी, एक मिनट, 6 बज रहे हैं। अगर आप सबकी सहमति हो तो इस चर्चा की समाप्ति और हमारा संकल्प होने तक सभा की कार्यवाही हेतु आगे समय बढ़ा दिया जाता है।

कुछ माननीय सदस्य : ठीक है।

श्री नरेन्द्र मोदी : भारत मूलतः जिन आदर्शों और विचारों से पला-बढ़ा है, वह हमारी एक ताकत है। वह हमारी एक आत्मिक शक्ति है। इसलिए हमारे देश की जो आंतर ऊर्जा है, उसको कम आंकने की जरूरत नहीं है। हजारों साल की तपस्या से आंतर ऊर्जा तैयार हुई है। वही देश को भी गति देती है, समाज को भी गति देती है और संकटों से उबरने की ताकत भी देती है। मैं जब उसकी बात करता हूं तो मैं आइडिया ऑफ इंडिया के बारे में कहना चाहूंगा -

आइडिया ऑफ इंडिया - सत्यमेव जयते,

आइडिया ऑफ इंडिया - अहिंसा परमो धर्मः,

आइडिया ऑफ इंडिया - एकम् सद्विप्राः बहुधा वदन्ति,

आइडिया ऑफ इंडिया - पौधे में भी परमात्मा होता है,

आइडिया ऑफ इंडिया - वसुधैव कुटुंबकम्,

आइडिया ऑफ इंडिया - सर्वपंथ समभाव, ...(व्यवधान)

आइडिया ऑफ इंडिया - अप्पो दीप भवः,

आइडिया ऑफ इंडिया - तेन त्यक्तेन भुंजिथा,

आइडिया ऑफ इंडिया - सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुख भाग्भवेत्,

आइडिया ऑफ इंडिया - न त्वहं कामये राज्यम्, न मोक्षम् न पुनर्भवम्,

कामये दुःख-तप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनं,

आइडिया ऑफ इंडिया - वैÂणव जन ते तेने कहिए, जे पीड़ पराई जाने रे,

आइडिया ऑफ इंडिया - जनसेवा ही प्रभुसेवा,

आइडिया ऑफ इंडिया - सहना भवतु सहनौ भुनक्तु

सह वीर्यम् करवावहै,

आइडिया ऑफ इंडिया - नर करनी करे तो नारायण हो जाये,

आइडिया ऑफ इंडिया - नारी तो नारायणी,

आइडिया ऑफ इंडिया - यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते

रमन्ते तत्र देवता,

आइडिया ऑफ इंडिया - आनो भद्रः कृत्वो यन्तु विश्वतः,

आइडिया ऑफ इंडिया - जननि जन्म भूमिश्चः स्वर्गादपि गरीयसि।

इसी भाव के साथ में, मैं फिर एक बार सदन के सभी आदरणीय सदस्यों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। मैं आपका भी आभार व्यक्त करता हूं और आपने जो इनिशिएटिव लिया, उसके लिए देश हमेशा-हमेशा ऋणी रहेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कोई प्रश्न नहीं पूछेंगे। यह कोई प्रश्नोत्तरी नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मैं प्रश्न नहीं पूछ रहा हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कोई क्लैरिफिकैशन नहीं।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No clarification is allowed.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : यह संकल्प सबको करना है।

â€¦(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: I am not asking any clarification. ...(*Interruptions*) मैं माननीय प्रधानमंत्री जी के नोटिस में ला रहा हूं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am not allowing any clarification.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? आप शांत रहें।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : जब आप भाÂाण कर रहे थे तो हमने डिस्टर्ब नहीं किया। ...(व्यवधान) मैं आपके परमिशन से रिकॉर्ड स्ट्रेट करने के लिए पूछना चाहता हूं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने बोला है कि लेबर डिपार्टमेंट में इम्पलॉयज प्रोविडेंट फंड का जो एकाउंट फंड है, उसमें मिनिमम 1000 रुपये का निर्णय हमारे यूपीए गवर्नमेंट का ही निर्णय था।...(व्यवधान)

दूसरा, जो पोर्टेबल एकाउंट के बारे में आप बोल रहे हैं, उसे भी हमने शुरू किया था ...(व्यवधान) हमने पहला ऑफिस हरियाणा में खोला था।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका चालीस-पचास, सभी का मिलाकर है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बहुत बार चर्चा हो जायेगी, बिल आयेगा उस पर बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: What is it? I am not allowing any clarification.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपकी पार्टी की तरफ से बोला गया है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am sorry Madam Teacher. You give it in writing.

...(*Interruptions*)

18.09 hours

RESOLUTION

HON. SPEAKER: Hon. Members, the discussion on commitment to India's Constitution is now coming to close at this two-day Special Sittings to commemorate 125th Birth Anniversary celebrations of Dr. Bhim Rao Ambedkar. It gives me immense satisfaction that there had been fruitful discussion on our commitment to Constitution of India. There has been an overwhelming enthusiasm amongst hon. Members from all sections of the House to participate in this two-day Special Sittings. Owing to paucity of time, I have, therefore, allowed hon. Members who could not get time to speak to lay their written speeches on the Table of the House.

Hon. Members, I will now propose the following Resolution:

> "We, the Members of Lok Sabha, in this Special Sittings of the Lok Sabha on 26th and 27th November, 2015 for celebrating the 'Constitution Day' as a part of the One Hundred and Twenty-Fifth Birth Anniversary Celebration of Dr. B.R. Ambedkar, -
>
> Having remembered with gratitude, the commitment of Father of the Nation, Mahatma Gandhi; pioneering and monumental role played

by Pandit Jawahar Lal Nehru, Dr. Rajendra Prasad, Sardar Vallabhbhai Patel, Maulana Azad and other founding fathers of our Constitution and their contribution in enabling us to give to ourselves the Constitution on the 26th November, 1949; and having enacted it on the 26th January, 1950; and

Having recalled with appreciation, the invaluable services rendered by Dr. B.R. Ambedkar as the Chairman of the Drafting Committee of the Constituent Assembly and all its Members in the framing of the Constitution of India;

Do hereby solemnly affirm our commitment to the principles and ideals of the Constitution, and resolve to –

(a) uphold and maintain the sanctity and supremacy of the Constitution;
(b) respect the constitutional institutions, their freedom and authority;
(c) protect the sovereignty, unity and integrity of our country and its democratic, socialist and secular character;
(d) maintain transparency, probity and accountability in public life; and
(e) dedicate ourselves to equality and social justice and contribute to the task of building a strong republic."

I hope the House agrees to this.

Now, the House stands adjourned to meet again on Monday, the 30th November, 2015, at 11 a.m.

18.13 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, November 30, 2015/Agrahayan 9, 1937 (Saka).